संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

दैनिक घटती घटना

RNI Reg.No.-CHHHIN/2004/15050
Postal Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 19,अंक -231 शुक्रवार ,23 जून 2023,पृष्ठ - 8 मूल्य 2 रूपये

# असम में भीषण बाढ़ से हालात हो रहे बेकाबू

**गुवाहाटी,22 जून 2022(ए)।** असम का अधिकतर इलाका बाढ़ से जूझ रहा है। इसके चलते पूरा जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। इंसानों के साथ मवेशियों की जिंदगी भी दांव पर लगी है। राज्य के कई इलाकों में रुक-रुक कर बारिश होने से नए इलाके भी जलमग्न हो गए हैं। मौसम विभाग के अनुसार, बाढ़ से 10 जिलों में करीब 1.2 लाख लोग प्रभावित हैं।

भारत मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) ने 'ऑरेंज अलर्ट' जारी किया है। अगले कुछ दिनों तक असम के कई जिलों में 'अत्यंत भारी' से 'अत्यधिक भारी' बारिश का अनुमान जताया है। वहीं, गुवाहाटी में आईएमडी के क्षेत्रीय मौसम केंद्र (आरएमसी) ने गुरुवार और शुक्रवार के लिए 'येलो अलर्ट' भी जारी किया है। असम के नलबाड़ी के मोइरारंगा गांव में लगातार बारिश के कारण घर पानी में बह गया है।

### 14 राहत शिविरों में लोगों ने ली शरण

वहीं, असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार बक्सा, बारपेटा, दरांग, धेमाजी, धुबरी, कोकराझार, लखीमपुर, नलबाड़ी, सोनितपुर और उदलगुरी जिले में बाढ़ के कारण 1,19,800 लोग प्रभावित हैं। नलबाड़ी बाढ़ से सबसे अधिक प्रभावित है और लगभग 45,000 लोग इससे जूझ रहे हैं। इसके बाद बक्सा में 26,500 और लखीमपुर



में 25,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं। प्रशासन ने पांच जिलों में 14 राहत शिविर बनाए हैं।

## 1 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित,ऑरेंज अलर्ट जारी

यहां 2,091 लोगों ने शरण ली है और पांच जिलों में 17 राहत वितरण केंद्र चलाए जा रहे हैं।

### 1,280 लोगों को सुरक्षित बचाया गया

सेना, अर्द्धसैनिक बल, राष्टीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), राज्य आपदा मोचन बल (एसडीआरएफ), अग्निशमन और आपातकालीन सेवा (एफ एंड ईएस), नागरिक प्रशासन, गैर सरकारी संगठनों (एनजीओ) और स्थानीय लोगों ने विभिन्न स्थानों से 1,280 लोगों को बचाकर सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया है। एनडीआरएफ की टीमें बक्सा जिले के बाढ़ प्रभावित तामुलपुर इलाके में बचाव अभियान में लगी हुई हैं।

### 780 गांव डूबे

एएसडीएमए बुलेटिन के अनुसार, वर्तमान में करीब 780 गांव डूब गए हैं। पूरे असम में 10,591.85 हेक्टेयर खेत क्षतिग्रस्त हो गए हैं। इसके अलावा बक्सा, बारपेटा, सोनितपुर, धुबरी, डिब्रूगढ़, कामरूप, कोकराझार, लखीमपुर, माजुली, मोरीगांव, नागांव, दक्षिण सलमारा और उदलगुरी में व्यापक भूमिकटाव देखा गया है। वहीं, दीमा हसाओ और कामरूप मेट्रोपोलिटन में कई स्थानों से भूस्खलन और भारी बारिश की सूचना है। इतना ही नहीं, कई गांवों की हालत बहुत ही बुरी हो गई है। बक्सा, नलबाड़ी, बारपेटा, सोनितपुर, बोंगाईगांव, दरांग, चिरांग, धुबरी, गोलपारा, कामरूप, कोकराझार, लखीमपुर, नागांव, उदलगुरी, धेमाजी और माजुली में बाढ़ के पानी से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे क्षतिग्रस्त हो गए हैं। बारपेटा, दरांग, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, कोकराझार और नलबाड़ी जिलों में कई स्थानों पर शहरी इलाके जलमग्न हो गए। एएसडीएमए की रिपोर्ट में बताया गया है कि ब्रह्मपुत्र नदी की सहायक नदी बेकी तीन स्थानों पर खतरे के निशान से ऊपर बह रही है।

# मणिपुर हिंसाःउपद्रवियों और जवानों के बीच फायरिंग

**» आईइडी विस्फोट भी,अमित शाह ने 24 को बुलाई सर्वदलीय बैठक**

**इंफाल,22 जून 2022(ए)।** मणिपुर में जारी हिंसा थमने का नाम नहीं ले रही है। यहां एक बार फिर उपद्रवियों ने गोलीबारी की है। बताया जा रहा है कि, प्रदेश की राजधानी इंफाल के बोलजांग में गुरुवार तड़के करीब 5 बजे अज्ञात बंदूकधारियों और असम राइफल्स के जवानों के बीच फायरिंग हो गई। साथ ही बिष्णुपुर जिले में एक आईइडी के विस्फोट की भी सूचना मिली है। अधिकारियों ने मामले पर बताया कि आईइडी बम एक खड़ी गाड़ी के अंदर लगाया गया था।

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, स्थिति पर अब काबू पा लिया गया है और अज्ञात हमलावरों को पकड़ने के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। हालांकि, इस हमले में अभी तक





किसी के भी हताहत होने की कोई जानकारी नहीं मिली है। वहीं, कांगपोकपी जिले में बुधवार शाम को भी गोलीबारी की सूचना मिली थी। सुरक्षा बलों ने इस मामले को संभालते हुए स्थिति पर काबू पा लिया। हालांकि, रात में 2-3 बजे के बीच रुक-रुक कर फायरिंग की घटना होती रही।

### केंद्रीय गृह मंत्री ने बुलाई सर्वदलीय बैठक

वहीं, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में हो रहे जातीय संघर्ष के बीच वहां के हालात पर चर्चा के लिए 24 जून को सर्वदलीय बैठक बुलाई है। पूर्वोत्तर राज्य में हिंसक झड़प के बाद यह पहली सर्वदलीय बैठक होगी। यह बैठक दिल्ली में दोपहर 3 बजे होगी। इस बैठक का उद्देश्य पूर्वोत्तर राज्य में मौजूदा स्थिति पर विराम लगाना है और राज्य में पहले की तरह शांति स्थापित करना है। बता दें कि, विपक्ष की तरफ से भी काफी समय से यह मांग की जा रही थी कि इस मामले पर सर्वदलीय बैठक बुलाई जाए।

### भाजपा विधायकों ने प्रधानमंत्री को लिखा था पत्र

उल्लेखनीय है कि, इससे पहले मणिपुर राज्य के 9 भारतीय जनता पार्टी के विधायकों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को पत्र लिखकर कहा था कि राज्य के लोगों ने एन बीरेन सिंह की सरकार पर भरोसा खो दिया है और प्रशासन पर भी विश्वास नहीं है। बता दें कि, अब तक हिंसा में 100 से अधिक लोगों की मौत हो गई और हजारों लोग घर से बेघर हो गए और सैकड़ों इमारतें जलकर राख हो गई है।

# सीएम नीतीश कुमार के करीबी उद्योगपति के कई ठिकानों पर ईडी और आईटी का छापा

**पटना ,22 जून 2022(ए)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र की भाजपा सरकार को उखाड़ फेंकने के लिए बिहार के सीएम नितीश कुमार के नेतृत्व में सभी विपक्षी पार्टियों की बैठक 23 जून को बिहार में होने वाली है। विपक्षी दलों की बैठक से एक दिन पहले बिहार के बेगूसराय में राज्य सरकार के मंत्री विजय कुमार चौधरी के रिश्तेदार और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी माने जाने वाले बिजनेसमैन के ठिकानों पर प्रवर्तन निदेशालय और आयकर विभाग ने एक साथ धावा बोला।





### बेगूसराय में हो रही छापेमारी

प्रवर्तन निदेशालय और आयकर की टीम ने बेगूसराय में उद्योगपति अजय कुमार सिंह उर्फ कारों सिंह के घर पर छापेमारी किया है। यह छापेमारी नगर थाना क्षेत्र के विश्वनाथ नगर मोहल्ले में की जा रही है जिससे मोहल्ले में हड़कंप मच गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि ईडी और इनकम टैक्स के अधिकारी तकरीबन 6ः00 बजे सुबह में ही पहुंचे हैं। इस संबंध में अधिकारी अभी कुछ भी बताने से इंकार कर रहे हैं। इस दौरान दोनों तरफ से पुलिस ने घेराबंदी कर दी है।

### कौन हैं अजय सिंह उर्फ कारू सिंह

अजय सिंह उर्फ कारू सिंह मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के करीबी मंत्री विजय चौधरी के साले हैं जिनके आवास पर ईडी और इनकम टैक्स ने छापेमारी किया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि बिल्डर कारू सिंह जदयू के राष्टीय अध्यक्ष ललन सिंह के भी करीबी हैं। ईडी और इनकम टैक्स की टीम 7 गाड़ियां से छापेमारी करने के लिए पहुंची है। बताया जा रहा है कि इनके एक और ठिकाने पर छापेमारी की जा रही है।

अन्य ठिकानों पर भी चल रही छापेमारी जानकारी के मुताबिक फुलवरिया थाना क्षेत्र के फुलवरिया स्थित छड़ के गोदाम में भी छापेमारी की जा रही है। फिलहाल मुख्य द्वार पर सुरक्षाकर्मी की सख्त तैनाती है इस वजह से न तो किसी को अंदर जाने की इजाजत है और न ही किसी को बाहर निकलने दिया जा रहा है।

# अतीक से सताए गए किसानों के दर्ज होंगे बयान





### ईडी ने बढ़ाया जांच का दायरा

**प्रयागराज,22 जून 2022(ए)।** मनी लांड्रिंग केस में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने अपनी जांच का दायरा बढ़ा दिया है। अब ईडी की टीम माफिया अतीक से सताए गए किसानों का बयान दर्ज करेगी। उनसे पूछताछ कर पता लगाया जाएगा कि अतीक किस तरह से गरीब किसानों की जमीन को जबरन हड़प लेता था। वह जमीन लिखवाने के बाद कुछ पैसा भी देता था या नहीं, इसकी भी जानकारी जुटाई जाएगी। इसके लिए किसानों की सूची तैयार की जा रही है और जल्द ही बयान के लिए उन्हें सम्मन भेजा जाएगा।

### जांच का आधार सेल डील को बनाया

सूत्रों का कहना है ईडी ने अपनी जांच का आधार सेल डील को बनाया है। अप्रैल में ईडी की टीम ने अतीक से जुड़े कई बिल्डर सहित अन्य लोगों के ठिकानों पर छापेमारी की थी। उस दौरान विभिन्न कंपनी और जमीन से जुड़े अभिलेख बरामद हुए थे। तमाम सेल डीड भी मिली थी। कागजातों की जांच से पता चला था कि अतीक ने अपने और अपने गिरोह से जुड़े तमाम लोगों के नाम से कई एकड़ लिखवाई थी, लेकिन उनके बीच पैसे के लेनदेन का प्रमाण नहीं मिला था।

### अतीक से जुड़े कई और लोगों के नाम आ सकते हैं

इसी आधार पर माना गया है कि माफिया ने अपराध के बल पर गरीब किसानों की जमीन जबरन हथिया ली थी। जमीन से संबंधित कागजात में करेली, झलवा, बमरौली, पूरामुफ्ती, पिपरी सहित दूसरे इलाके में रहने वाले कई किसानों से उसने जमीन ली थी, मगर किसी के बैंक खाते में पैसे नहीं दिए गए थे। बताया गया है कि किसानों का बयान में अतीक से जुड़े कई और लोगों का नाम सामने आ सकता है, जिन्हें जांच के दायरे में लाया जाएगा।



## राज्यपाल ने ठुकराया राज्य चुनाव आयुक्त राजीव सिन्हा का नियुक्ति पत्र

**कोलकाता,22 जून 2022(ए)।** बंगाल पंचायत चुनाव को लगातार देश दुनिया में खबरों में बना हुआ है। अब राज्यपाल राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस ने राज्य के चुनाव आयुक्त के रूप में राजीव सिन्हा के नियुक्तिपत्र को ठुकराते हुए उनके कार्य पर क्षोफ प्रकट किया है। राज्यपाल ने राजीव सिन्हा के नियुक्तिपत्र को स्वीकार करने से मना कर दिया। इसके साथ ही राज्यपाल ने संबंधित फाइलों को सचिवालय को वापस भेज दिया। राजभवन के सूत्रों के मुताबिक, राज्यपाल ने बंगाल में पंचायत चुनाव से पहले हुई हिंसा को लेकर चर्चा समन भेजा था। इस समन को राजीव सिन्हा के इनकार कर दिया, जिस पर राज्यपाल ने कड़ी आपत्ति जताई है। सिन्हा ने नामांकन दाखिल प्रक्रिया के बीच व्यस्त कार्यक्रम के कारण राज्यपाल के पास पहुंचने में असमर्थता के बारे में राजभवन को सूचित किया था। अब जब राज्यपाल ने सिन्हा के ज्वाइनिंग लेटर और संबंधित फाइलों को स्वीकार करने से इनकार कर दिया और उन्हें राज्य सचिवालय में वापस भेज दिया है।

# एमपीःएमएलए कोर्ट पहुंचा बृज भूषण शरण सिंह का मामला,सुनवाई 27 जून को

**नई दिल्ली ,22 जून 2022(ए)।** महिला पहलवानों के यौन शोषण के आरोपों से घिरे कुश्ती महासंघ के पूर्व अध्यक्ष बृज भूषण शरण सिंह की मुश्किलें बढ़ती हुई नजर आ रही है। दिल्ली की राउज एवेन्यू कोर्ट के मुख्य मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट ने यौन उत्पीड़न का मामला एमपी एमएलए मामलों की सुनवाई करने वाली एसीएमएम की अदालत को सौंपा दिया है।

एसीएमएम ने मामले में अदालत की निगरानी में जांच की मांग करने वाले



पहलवानों द्वारा दायर आवेदन पर सुनवाई की थी। कोर्ट ने इस मामले पर स्टेटस रिपोर्ट मांगी थी। अर्जी पर सुनवाई के लिए पहले से ही 27 जून की तारीख तय है। इससे पहले बृजभूषण शरण सिंह केस में राउज एवेन्यू कोर्ट के दीपक कुमार की एसीएमएम कोर्ट ने मामले को संज्ञान बिंदु पर विचार के लिए 22 जून के लिए रखा था। दिल्ली पुलिस ने कोर्ट में डिजिटल दस्तावेजों और कई अनुलग्नकों का उल्लेख करते हुए एक आरोप पत्र दायर किया।

# रेप की कोशिश में नाकाम होने पर महिला को चलती ट्रेन से नीचे फेंका





**» विरोध कर रहे रिश्तेदार को भी धकेला**

**मुज्जफरपुर,22 जून 2022(ए)।** मुज्जफरपुर से गुजरात जा रही सूरत एक्सप्रेस में बदमाशों ने एक महिला से रेप करने की कोशिश की। जब महिला ने विरोध किया तो महिला के साथ उसके रिश्तेदार को ट्रेन से नीचे फेंक दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है। मामला ग्वालियर के बिलौआ थाना इलाके का है। 19 जून को मजदूर महिला अपने रिश्तेदार के साथ सूरत एक्सप्रेस में सवार होकर लखनऊ से गुजरात के सूरत जा रही थी। महिला झारखंड के पालमू जिले की रहने वाली है। इस ट्रेन में ग्वालियर से पांच लोग सवार हुए। वह सभी महिला की सामने वाली सीट पर बैठे थे। कुछ देर बाद ही आरोपियों ने महिला के साथ अभद्रता करना शुरू कर दिया। पीड़िता ने बिलौआ थाना पुलिस को बताया कि आरोपी उसका फोटो खींच रहे थे। उसने विरोध किया तो उसे और उसके रिश्तेदार को पीटने लगे। इसके बाद महिला और उसका रिश्तेदार ट्रेन के गेट के पास जाकर खड़े हो गए। आरोपियों ने वहां पहुंचकर महिला के साथ रेप करने की कोशिश की। जब महिला ने विरोध किया तो आरोपियों ने उसे और रिश्तेदार को चलती ट्रेन से बरौड़ी गांव के पास फेंक दिया। सोमवार को रातभर महिला और उसका रिश्तेदार रेलवे ट्रैक के पास बेहोश पड़े रहे। अगले दिन मंगलवार सुबह ग्रामीणों ने देखा तो तुरंत सूचना पुलिस को दी। वहीं महिला और उसके रिश्तेदार को गैंगमैन और ग्रामीणों ने अस्पताल पहुंचाया। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और पीड़िता के बयान दर्ज किए। ग्वालियर के एसपी राजेश सिंह चंदेल ने एसडीओपी डबरा और थाना प्रभारी बिलौआ को टीम बनाकर मामले की जांच के निर्देश दिए।

## हामिद अशरफ की एक करोड़ से अधिक की संपत्ति कुर्क

**बस्ती ,22 जून 2022(ए)।** यूपी के बस्ती में जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई करते हुए माफिया हामिद अशरफ की 1.08 करोड़ रुपये की संपत्ति को कुर्क कर ली है। गैंगस्टर एक्ट के तहत बस्ती जिला प्रशासन ने यह कार्रवाई की। हामिद अशरफ ने आईआरसीटीसी की वेबसाइट हैक कर तहलका मचा दिया था। पुलिस अफसरों का कहना है कि माफिया हामिद अशरफ ने जिन-जिन रिश्तेदारों के नाम अवैध तरीके से संपत्ति खरीदी थी,



जिला प्रशासन ने उसे भी कुर्क किया है। नायब तहसीलदार हरैया शौकत अली एवं नायब तहसीलदार कृष्ण मोहन यादव ने टीम की साथ पहुंचकर कुर्की की कार्यवाही की। पुलिस ने बताया, जब मामले की तहकीकात की गई तो माफिया हामिद अशरफ की कुल 1.08 करोड़ रुपये की संपत्ति मिली है। हामिद के एचडीएफसी बैंक, घनसवली, नवी मुंबई के खाता संख्या 50100202803786 व 0200027871898 को सीज किए जाने के लिए बैंक को लिखा गया है।बता दें कि, हामिद अशरफ ने रेलवे की साइट को हैक कर तहलका मचा दिया था। सीबीआई ने बेंगलूरू से हामिद को बस्ती से अरेस्ट किया था। कुछ दिन बाद जमानत पर आने के बाद वो फिर से रेलवे के वेबसाइट को हैक कर तत्काल टिकट बनाने लगा था। इसके बाद, वर्ष 2021 में पुलिस ने उसे फिर अरेस्ट किया था। हरैया थाने में उस के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया था।

# जहां डूबा है टाइटेनिक वहां का पानी खतरनाक

**नई दिल्ली ,22 जून 2022(ए)।** दुनिया के सबसे मशहुर जहाज टाइटेनिक करीब 100 साल पहले अटलांटिक महासागर में समा गया था। इस जहाज के डूबने से हजारों लोंगों की मौत हो गई थी। जहाज के डूबने के बाद उसका मलबा आज भी अटलांटिक के सतह पर टूटता, गलता और बिखरता नजर आ रहा है। महासागर का वो हिस्सा जहां जहाज डूबा अब वहा का पानी भी बहुत खतरनाक हो गया है।

### अटलांटिक महासागर में मिडनाइट जोन

जहां डूबा टाइटेनिक जहाज वह अटलांटिक महासागर में करीब चार किलोमीटर नीचे मौजूद है। वहां का पानी लगातार अपनी रूप रेखा बदलता है जिसकी वजह से काला अंधेरा छाया रहता है। टाइटेनिक का मलबा धीरे-धीरे विघटित होते जा रहा है। जिसकी वजह से पानी में कई तरह क्रियाएं भी होती है जिससे घना अंधेरा छा जाता है। इस क्षेत्र को मिडनाइट जोन भी कहा जाता है और यहां सूर्य की रोशनी भी नहीं पहुंच पाती है।



### घना अंधेरा होने से भटकता है ध्यान

कई बार लोग टाइटेनिक का मलबा देखने समुद्र तल में जाने के लिए निकलते है लेकिन कुछ ही समय बाद उनके पनडुब्बी की रोशनी बंद हो जाती है। घना अंधेरा होने की वजह से पनडुब्बी की रोशनी कुछ ही मीटर तक जा पाती है। जिसकी वजह से चालक का ध्यान भटक जाता है और सूर्य की रोशनी कुछ दूरी तक ही पहुंच पाती है। लेकिन उसके बाद काला अंधेरा और बर्फ जैसा ठंडा पानी होने की वजह से कुछ लोग वापस लौट आते हैं। अटलांटिक महासागर की सतह पर कीचड़ है, जो पानी की वजह से हिलती हुई नजर आ जाती है। कहा जाता है कि जब आप सतह पर पहुंचेंगे और आप महासागर में किस स्थान पर हो इसके लिए आपके पास केवल सोनर एडाप्टर होता है जो आपको सही दिशा दिखाता है। जानकारों के मुताबिक महासागर के अंदर राडार भी काम नहीं कर पाता है।

### समंदर की सतह में दबाव 390 गुना

महासागर की सतह पर दबाव अधिक होता है। कहा जाता है कि उपर की तुलना में महासागर की सतह पर दबाव 390 गुना ज्यादा होता है इसलिए पनडुब्बी तैयार करते समय उसकी दिवारें अत्यधीक मोठी बनाई जाती है। बताया जाता है कि टाइटेनिक का मलबा घूलते जा रहा है जिसकी वजह से महासागर में चलने वाली हवा और लहरों के टकराव से मजबूत करंट बनता है। करंट बनने की स्थिति की वजह से वहां के पानी का घनत्व भी कम हो जाता है ऐसी स्थिति में महासागर के तल पर पड़े सामान भी इधर से उधर हिचकोले खाते नजर आ जाते है और एक स्थान से दूसरे स्थान तक पहुंच जाते है।

## संपादकीय

# बड़े बदलाव की जरूरत

भारत में अंग प्रत्यारोपण जीवित डोनरों के जरिए संभव हो पाता है। लेकिन मृत अंगदाताओं के अंग प्रत्यारोपण के मामले देश में बहुत ही पीछे है। इस कारण अनेक ऐसी जानें चली जाती हैं, जिन्हें बचाया जा सकता था।

भारत में अंगदान की मांग उपलब्धता की तुलना में बहुत ज्यादा है। कारण देश में अंगदान करने वाले लोगों की भारी कमी है। प्रति दस लाख आबादी में सिर्फ एक व्यक्ति ऐसा होता है, जो मरने के बाद अपने अंगदान का वसीयत करता है। यह संख्या अमेरिका और स्पेन जैसे देशों की तुलना में बहुत कम है, जहां डोनरों की दर दुनिया में सबसे ऊंची है। वहां यह दर प्रति दस लाख लोगों पर 40 है । जबकि भारत में अंग प्रत्यारोपण की जरूरत बड़ी संख्या में मरीजों को पड़ती है। अंग ना मिलने के कारण कई मरीजों की मौत हो जाती है। डॉक्टर और प्रत्यारोपण विशेषज्ञों के मुताबिक अंगदाताओं कमी के कारणों में जागरूकता की कमी, प्रत्यारोपण से संबंधित गलत मान्यताएं और बुनियादी ढांचे से जुड़े मुद्दे भी शामिल हैं। भारत में अंग प्रत्यारोपण जीवित डोनरों के जरिए संभव हो पाता है। गौरतलब है कि अमेरिका के बाद भारत दुनिया में जीवित डोनर ट्रांसप्लांट करने वाला दूसरा सबसे बड़ा देश है। लेकिन मृत अंगदाताओं के अंग प्रत्यारोपण के मामले देश में बहुत ही पीछे है। यह भी एक प्रमुख समस्या है कि अंगदान करने के इच्छुक लोग मिल भी जाएं, तो सभी अस्पतालों में अंग प्रत्यारोपण से जुड़ी तमाम प्रक्रियाओं के लिए जरूरी उपकरण मौजूद नहीं हैं।

भारत में सिर्फ 250 अस्पताल ही नेशनल ऑर्गन एंड टिश्यू ट्रांसप्लांट ऑर्गनाइजेशन से पंजीकृत हैं। यह संगठन देश के अंग प्रत्यारोपण संबंधी कार्य का समन्वय करता है। इंडियन ट्रांसप्लांट न्यूजलेटर में ÷भारत में मृतक के अंगदान से जुड़ी प्रगति÷ नाम से प्रकाशित एक आलेख के मुताबिक अति गंभीर बीमारियों के उपचार के लिए कॉरपोरेट अस्पतालों में सबसे ज्यादा अंग दान किए जाते हैं, जबकि सरकारी अस्पतालों में 15 फीसदी से भी कम अंग प्रत्यारोपण होते हैं। जबकि इस अध्ययन के मुताबिक भारत में अंगदान की ठोस संभावना पब्लिक सेक्टर के अस्पतालों में निहित है, जहां मेडिको-लीगल कारणों के चलते बड़ी संख्या में हेड ट्रॉमा के मामले आते हैं। तो जाहिर है, सोच के साथ-साथ सिस्टम बदलने की भी जरूरत है। मसलन, अगर हर राज्य में मृतक अंगदान पर केंद्रित एक नोडल अस्पताल हो, तो मौजूदा सूरत बदल सकती है।

# भारत की वॉशिंगटन डीसी में दस्तक-सुपर पावर नतमस्तक

» **भारत की मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की बारी-पड़ोसी विस्तारवादी मुल्क में लाचारी**

» **भारत का दुनियां में आगाज-पड़ोसी,विस्तारवादी देश अब आएंगे बाज**

वैश्विक स्तर पर आज जहां पूरी दुनियां लोकतंत्र के सबसे पुराने और लोकतंत्र के सबसे बड़े देश अमेरिका और भारत के एक और एक ग्यारह होने के ऐतिहासिक क्षणों को देखकर अचंभे में हैं,वहीं दूसरी और पड़ोसी और विसरवादी देश तल्खी में हैं, दूसरे शब्दों में उन्हें मिर्ची लगी है जिसे ना निगल पा रहे हैं उगल सकते हैं। भारत की अमेरिका में स्टेट विजिट याने राजकीय यात्रा के न्यूयॉर्क में प्रथम चरण की सफ़लता के बाद भारतीय समय अनुसार देर रात याने 22 जून 2023 कोवाशिंगटन डीसी पहुंचे जहां हम कह सकते हैं भारतकी वाशिंगटन डीसी में दस्तक सुपरपावर नतमस्तक याने यही वह गढ़ है जहां भारत की प्रतिष्ठा और सफलता के झंडे गड़ेगें, ऐतिहासिक गाथा रचेगी, भारत के मैन्युफैक्चरिंग हब बनने का नया अध्याय जुड़ेगा क्योंकि यहीं से भारत में विदेशी निवेश आने, व्यापार रक्षा तकनीकी अंतरिक्ष सहित अनेक क्षेत्रों में समझौते होंगे। अमेरिकी राष्ट्रपति उपराष्ट्रपति से द्विपक्षीय वार्ता, अमेरिकी संसद में संबोधन, राजकीय सम्मान, इक्कीस तोपों की सलामी, राजकीय रात्रि भोज जैसे अति विशिष्ट सम्मान जो अभी तक दो व्यक्तित्वों को ही मिला है, अब तीसरे व्यक्ति हमारे भारतीय पीएम को मिलेगा। मेरा ऐसा मानना है कि हर कदम के पीछे कुछ ना कुछ रणनीति कूटनीति होती है। पहला तो दोनों देशों में 2024 में चुनाव है, अमेरिका में 50 लाख से अधिक मूल भारतीय रहते हैं जो राष्ट्रपति चुनने का महत्वपूर्ण रोल अदा करते हैं, जिससे अब उन्हें भारत की आवश्यकता है। दूसरा चीन के पर कतरने हैं जिसकी भारत की हिम्मत जाबाजी और कछल जज्बे से चीन का मुकाबला कूटनीतिक तौर पर बड़ी चतुराई से कर सकता है। शायद यही वजह है कि चीन इस 21-24 जून 2023 के दौरे से खुश नहीं है परंतु भारत कह रहा है, तुझको मिर्ची लगी तो मैं क्या करूं? यह वजह है कि 21 जून 2023 को पड़ोसी मुल्कों के एक आतंकी अमीर रजा को अंतरराष्ट्रीय आतंकी घोषित करने केअमेरिकी प्रस्ताव जिससे भारत ने समर्थन दिया था चीन ने वीटो पावर से गिरा गया। दूसरी ओर 18 जून 2023 को अमेरिकी विदेश मंत्री चीन दौरे पर गए थे जो खाली हाथ लौटे इस बीच अमेरिकी राष्ट्रपति द्वारा चीनी राष्ट्रपति की तुलना तानाशाह से कर दी जिस पर चीन ने भी तुरंत रिएक्शन देते हुए अमेरिकी राष्ट्रपति को स्वार्थी करार दिया इसीलिए अब सुपर पावर भारत के पक्ष में खुलकर सामने आ गया है उधर यूनाइटेड नेशन के ग्राउंड में भी 135 से अधिक विदेशी राष्ट्रों ने योग का एक कार्यक्रम में स्थालेकर गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड मैं अपना नाम दर्ज कराया क्योंकि अब दोनों महा शक्तियां एक और एक ग्यारह होने जा रही है- इसलिए आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे, भारत की वाशिंगटन डीसी में दस्तक सुपर पावर नतमस्तक, भारत की मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की बारी पड़ोसी विस्तार वादी मुल्क में लाचारी।

साथियों बात अगर हम पीएम के वाशिंगटन डीसी पहुंचने की करें तो, यहां एयरपोर्ट पर उनको गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया।गार्ड ऑफ ऑनर एक सम्मान है, जो किसी वीवीआइपी को दिया जाप्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमेरिका की फर्स्ट लेडी जिल बाइडेन के साथ वर्जीनिया में नेशनल साइंस फाउंडेशन का दौरा किया. यहां फर्स्ट लेडी और पीएम मोदी अमेरिका और भारत के छात्रों से मुलाकात कर रहे हैं। अमेरिकी विदेश विभाग के उप-प्रवक्ता ने कहा कि पीएम का यह दौरा द्विपक्षीय संबंधों को लेकर है। भारत और अमेरिका के बीच अहम पार्टनरशिप है। यह एक राजकीय यात्रा है और पिछली द्विपक्षीय यात्राओं से अलग है। इसकी अन्य यात्रा के साथ इसकी तुलना करना सही नहीं है। इस दौरे से दोनों देशों में साझेदारी और मजबूत होगी। उन्होंने कहा कि हम पीएम मोदी का स्वागत करने के लिए बेहद उत्सुक हैं।पीएम का आगे का कार्यक्रम क्या है? पीएम वॉशिंगटन डीसी में विलार्ड इंटर कांटिनेंटल होटल में रुके हैं। यहां वह किन-किन कार्यक्रमों में शिरकत करेंगे, जानिए-22 जून - शाम 7.30 बजे - वाइट हाउस में मोदी का स्वागत- रात 8.30 बजे - मोदी-बाइडेन में द्वीपक्षीय बातचीत- रात 12.15 बजे - अमेरिकी कांग्रेस में संबोधन23 जून- सुबह चार बजे - वाइट हाउस में निजी भोज।




साथियों बात अगर हम वाशिंगटन डीसी में भारतीय दस्तक सुपर पावर नतमस्तक की करें तो, न्यूयॉर्क में जीती दुनिया, अब वॉशिंगटन में दिलों पर राज करने वाले हैं। पीएम के अमेरिका दौरे के पहले दिन का आगाज बेहद धमाकेदार रहा है। न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करके और भारतीय योग परंपरा का इतिहास बताकर उन्होंने पूरी दुनिया जीत ली। इससे पहले वह दुनिया के सबसे अमीर शख्स और ट्वीटर व टेस्ला के मालिक एलन मस्क से भी मिले। एलन मस्क ने पीएम मोदी कीजबरदस्त तारीफ करते हुए खुद को प्रधानमंत्री का जबरदस्त फैन बताया। अब पीएम मोदी का दूसरे दिन का कार्यक्रम आज वॉशिंगटन में है, जहां वह लोगों के दिलों पर राज करने वाले हैं। दो दिन पहले से भी पीएम के प्रशंसक यहां वॉशिंगटन में डेरा डाले हुए हैं। पीएम के अमेरिका दौरे के पहले दिन का आगाज बेहद धमाकेदार रहा है। न्यूयॉर्क के संयुक्त राष्ट मुख्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का नेतृत्व करके और भारतीय योग परंपरा का इतिहास बताकर उन्होंने पूरी दुनिया जीत ली। इससे पहले वह दुनिया के सबसे अमीर शख्स और ट्वीटर व टेस्ला के मालिक एलन मस्क से भी मिले। एलन मस्क ने पीएम की जबरदस्त तारीफ करते हुए खुद को पीएम का जबरदस्त फैन बताया। अब पीएम का दूसरे दिन का कार्यक्रम आज वॉशिंगटन में है, जहां वह लोगों के दिलों पर राज करने वाले हैं। दो दिन पहले से भी पीएम के प्रशंसक यहां वॉशिंगटन में डेरा डाले हुए हैं।

साथियों बात अगर हम सुपर पावर के भारत पर नतमस्तक के कारणों की करें तो पीएम अमरीका इस समय अमरीका की स्टेट विज़िट पर हैं। इस दौरान अचानक अमरीका के सुर बदल गए हैं और अमरीकी राष्ट्रपति ने चीन के राष्ट्रपति शी के लिए एक चौंका देने वाली बात कह दी है। अमरीका के विदेश मंत्री का18 जून को चीन के दौरे पर राजधानी बीज़िंग पहुंचे। अपने इस दो दिवसीय दौरे के दौरान ब्लिंकन ने चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग ( विदेश मंत्री से मिले। यह चीन दौरा अमरीका और चीन के संबंधों में सुधार के लिए काफी अहम था। 2018 के बाद से यह पहला मौका है जब किसी हाई लेवल अमरीकी अधिकारी ने चीन का दौरा किया हो। यानी कि करीब 5 साल बाद किसी हाई लेवल अमरीकी अधिकारी ने चीन का दौरा किया था। ब्लिंकन के साथ ही जिनपिंग ने भी इस दौरे के दौरान दोनों पक्षों में सकारात्मक वार्ता के बारे में जानकारी दी थी। ऐसे में लग रहा था कि आने वाले समय में अमरीका और चीन के संबंधों में सुधार देखने को मिलेगा। पर हाल ही में अमरीकी राष्ट्रपति ने एक बड़ी बात कह दी है।अमरीका के सुर बदलना एक इत्तेफाक मात्र नहीं है। दो दिन पहले ब्लिंकन के अमरीका दौरे के बाद जहाँ लग रहा था कि अमरीका आगे बढ़कर चीन से संबंधों को सुधारने की पहल कर रहा है, दो दिन में ही अमरीका के सुर बदल गए हैं। पर क्यों? जवाब है भारतीय पीएम की अमरीका स्टेट विज़िट। पीएम किसी सामान्य अमरीका दौरे पर नहीं, बल्कि स्टेट विज़िट पर हैं। यानी कि राजकीय दौरा। स्टेट विज़िट पर खास आमंत्रण मिलने पर ही जाया जाता है और यह हर किसी को नहीं दिया जाता है। स्टेट विज़िट का आमंत्रण सिर्फ उन्हीं देशों के राजनेताओं को दिया जाता है जिन्हें वो देश अपना करीबी सहयोगी और मित्र मानता है।भारत और चीन के संबंधों में एलएसी को लेकर चल रही खटास भी जगजाहिर है। ऐसे में पीएम मोदी की अमरीका स्टेट विज़िट के दौरान अमरीकी राष्ट्रपति का चाइनीज़ राष्ट्रपति जिनपिंग को तानाशाह बताना इस बात को दर्शाता है कि अमरीका भारत को एक करीबी मित्र और सहयोगी के तौर पर देखता है और भारत-चीन विवाद पर पूरी तरह से भारत के साथ है।

साथियों बात अगर हम इनके अमेरिका पर शाब्दिक पलटवार की करें तो, बाइडन के बयान पर चीन की तरफ से पलटवार किया गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने इस बारे में बयां देते हुए कहा, अमरीकी पक्ष द्वारा इस तरह की टिप्पणी बेहद हास्यास्पद और गैर जिम्मेदाराना है।अमरीका गंभीर रूप से बुनियादी तथ्यों, डिप्लोमैटिक प्रोटोकॉल और चीन की राजनीतिक गरिमा का उल्लंघन करता है। अमरीका की तरफ से यह टिप्पणी खुले तौर पर राजनीतिक उकसावा है।

साथियों बात अगर हम अंतरराष्ट्रीय स्तर परआतंकवादी हमले के आरोपी पर चीन द्वारा वीटो पावर इस्तेमाल करने की करें तो, भारत की कोशिशों की पर पानी फेर दिया है. चीन ने संयुक्त राष्ट्र में 26/11 मुंबई हमले के मास्टर माइंड और लश्कर ए तैयबा के आतंकवादी साजिद मीर को वैश्विक आतंकी की लिस्ट डालने पर अड़ंगा लगा दिया है.

अमेरिका ने मंगलवार को संयुक्त राष्ट्र में लश्कर ए तैयबा के आतंकी साजिद मीर को ग्लोबल टेररिस्ट घोषित करना का प्रस्ताव लाया था, जिसका भारत ने भी समर्थन किया था. इस पर चीन ने अपनी चालबाजी दिखाते हुए पाकिस्तान का साथ दिया और संयुक्त राष्ट्र में लश्कर-ए-तैयबा के आतंकी साजिद मीर को वैश्विक आतंकवादी के रूप में 26/11 के मुंबई आतंकवादी हमलों में शामिल होने के लिए भारत और अमेरिका के प्रस्ताव को रोक दिया।

अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि भारत की वॉशिंगटन डीसी में दस्तक - सुपर पावर नतमस्तक।भारत की मैन्युफैक्क्रिंग हब बनने की बारी-पड़ोसी विस्तारवादी मुल्क में लाचारी।भारत का दुनियां में आगाज़ - पड़ोसी, विस्तारवादी देश अब आएंगे बाज़।



**किशन सनमुख़दास भावनानी**
गोंदिया महाराष्ट्र

## चलो स्कूल चलें हम

बीत गई गर्मी की छुट्टी,
अब स्कूल जाने की बारी है।
हर्षित हो रहे सभी विद्यार्थी,
शिक्षा की पूर्व तैयारी है।।
सब पढ़ें सब बढ़ें,
सर्व शिक्षा अभियान का नारा है।
नन्हें-नन्हें फूल, चलें स्कूल,
यह अधिकार हमारा है।।
मिलेंगे हम सहपाठियों से,
अपना हाल-चाल बतायेंगे।
कैसे बीती ये छुट्टी,
ननिहाल का किस्सा हम सुनायेंगे।।
शिक्षा का अधिकार के तहत,
उम्र आधारित होगी प्रवेश।
निःशुल्क छात्रवृत्ति,
पाठ्यपुस्तक, कापी और गणवेश।।
बजेगी जब स्कूल की घंटी,
दौड़े-दौड़े शिक्षार्थी आयेंगे।
राजगीत, राष्ट्रगीत और राष्ट्गान
हम मिलकर गायेंगे।।
प्रार्थना में स्वच्छता की बातें,
सवाल सामान्य ज्ञान का।
कालखंड में आयेंगे शिक्षक,
मूल्यांकन लेंगे संज्ञान का।।
दैनिक जीवन की इबारती,
खेलेंगे गणितीय जादुई खेल।
गीत, कविता और कहानी से,
हिन्दी और बोली का मेल।।
विज्ञान से वैज्ञानिक बनेंगे,
सीखेंगे भाषा अंग्रेजी विदेशी।
सामाजिक विज्ञान से अतीत,
देववाणी संस्कृत स्वदेशी।।
माता अन्नपूर्णा का गीत गाकर,
खायेंगे मध्यान्ह भोजन।
खेल-खेल में करके सीखेंगे,
प्रयास हमारा रहेगा योजन।।
गृहकार्य के लिए प्रश्न लेकर,
लौट आयेंगे शाम को घर।
सुबह चलो स्कूल चलें हम, जीवन
प्रगति पथ की डगर।।



**अशोक कुमार यादव**
मुंगेली,छत्तीसगढ़

## जगत की बदल गई हर बात


जगत की बदल गई हर बात
बिन बदरा हो रही बरसात
बुढ़े माँ बाप को ऑख दिखलाना
घर से वृद्धाश्रम में भिजवाना
ये कैसी आई जग में जज्बात
जगत की बदल गई हर बात
आधुनिकता का नया ढोंग जमाना
अर्द्धवस्त्र पहन अंग दरसाना
ये कैसी आई जग में खरमास
जगत की बदल गई हर बात
असभ्यता का सड़क पे आ जाना
सभ्य मानुष को बेवकूफ् बनाना
ये कैसी आई जग में सौगात
जगत की बदल गई हर बात
बात बात में गोली है चलवाना
बारूद पर बैठा है आज जमाना
ये कैसी जग में आई बरसात
जगत की बदल गई हर बात
नारी का सम्मान ना करना
दहेज लालच में जिन्दा जलाना
ये कैसी जग में आई अनूठी बात
जगत की बदल गई हर बात
मानुष मानुष के काम ना आना
मानवता का बैरी बना अफसाना
ये कैसी आई जग में कठिन चाल
जगत की बदल गई हर बात



**उदय किशोर साह**
जयपुर
जिला बाँका
बिहार

## व्यर्थ आँसू को ना बहाया करो

इक नई जिन्दगी का
प्रारम्भ पुनः तुम करों।
व्यर्थ आँसू को अपने
बहाया ना तुम करों।
तम हटाओं नजर से
प्रेम दीप जलाओं जरा।
मुस्कुराओं जरा गीत
गजलों को गाओं जरा।
मौन होकर अब ना
पागल किया तुम करों।
व्यर्थ आँसू को अपने
बहाया ना तुम करों।
जिन्दगी में बसन्त
श्रृतु पुनः सुनो आयेंगे।
जिन्दगी में गम के बादल
सदा नहीं छायेंगे।
रात दिन घूंट घूंट के
रोया अब ना तुम करों।
व्यर्थ आँसू को अपने
बहाया ना तुम करों।
जिसको जाना था
वह तो चला ही गया।
राह में छोड़ जाने
कहाँ वह तो खो गया।
जो गया उसके बारे में
ना सोचा तुम करों।
व्यर्थ आँसू को अपने
बहाया ना तुम करों।



**प्रभात गौर**
नेवादा जंघई
प्रयागराज उत्तर प्रदेश

## सुपरहिट

# दामिनी:अन्याय के अंधकार पर गिरी बिजली

आजकल मनोज वाजपेई अभिनीत फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है चर्चा में है। चर्चा का एक कारण खुद वाजपेई हैं, जिन्होंने राजस्थान के






जोधपुर कोर्ट के एक वकील पी.सी. सोलंकी के रूप में दमदार अभिनय किया है। दूसरा कारण कहानी का कोर्टरूम ड्रामा है। हमारे यहां कुछ समय से रियलिस्टिक फिल्मों में दर्शकों और फिल्म निर्माताओं की रुचि बढ़ी है। इसलिए सत्य घटनाओं पर फिल्में बन रही हैं। स्वाभाविक रूप से इनके विषय खून-बलात्कार के आसपास घूमते हैं। फिल्म सिर्फ एक बंदा काफी है में भी कहानी का विषय आशाराम बापू के खिलाफ यौन शोषण का आरोप और कोर्ट में उन्हें दोषी ठहराना है।

खास कर इसमें कोर्टरूम की कानूनी कार्यवाहियों को वास्तविक रूप से पेश करने का प्रयास हुआ है, जो दर्शकों के लिए एक नया अनुभव है। बालीवुड में कोर्टरूम ड्रामा वाली फिल्मों का लंबा इतिहास रहा है। जैसे 1960 में बलदेवराज चोपड़ा ने कानून फिल्म बनाई थी। जिसमें एक ऐसे जज (अशोक कुमार) की कहानी थी, जो अपनी ही कोर्ट के वकील और भावी दामाद (राजेन्द्र कुमार) की नजर में संदिग्ध आरोपी बन जाते हैं।

चोपड़ा के ही छोटे भाई यश चोपड़ा ने 1965 में वक्त नाम की फिल्म बनाई थी। फिल्म वैसे बचपन में बिखर गए परिवार की थी, पर इसका अंत कोर्ट में हत्या के एक मामले में होता है। कानून अंधा है और उसे किस तरह सफलतापूर्वक रास्ते से भटकाया जा सकता है, ऐसे उत्तेजक विषय के साथ 1983 में दक्षिण के निर्देशक टी रामाराव ने अमिताभ, रजनीकांत और हेमा मालिनी के साथ अंधा कानून फिल्म बनाई थी।

इस फिल्म में अमिताभ का अंतिम कोर्टरूम दृश्य यादगार है और कुछ हद तक सिर्फ एक बंदा काफी है में वाजपेई के अंतिम कोर्टरूम दृश्य का प्रेरणा बना था।

इस संदर्भ में 1993 में राजकुमार संतोषी की आई फिल्म दामिनी उनके साहसी विषय और कोर्टरूम ड्रामा को ले कर सीमाचिह्न की तरह है। दामिनी ध्यान देने वाली फिल्म इसलिए भी है, क्योंकि एक ओर इसमें बलात्कार का सामाजिक मुद्दा था और दूसरी ओर इसका कानूनी पहलू था। दुख की बात यह थी कि दोनों मोर्चे पर पीड़िता की मददगार दामिनी गुप्ता (मीनाक्षी शेषाद्री) को सहन करना आता है।

समाज-परिवार और कानून के हाथों परेशान दामिनी की इस विवशता को प्रकट करने के लिए ही राजकुमार संतोषी ने एंटी थीसिस के रूप में एडवोकेट गोविंद श्रीवास्तव (सनी देओल) का पात्र तैयार किया था, जो दामिनी को न्याय तो दिलाता ही है, पर फिल्म पूरी होने के बाद दर्शकों को समाज के दोहरे मापदंड और कानून के रूखे पन के बारे में सोचने को मजबूर करती है। गोविंद का वह आक्रोश भरा संवाद तारीख पे तारीख और ये ढ़ाई किलो का हाथ आज भी उतना ही यादगार है। फिल्मों के दमदार कोर्टरूम ड्रामा की अगर लिस्ट बनाई जाए तो उसमें फिल्म दामिनी के गोविंद की कोर्ट की पेशी सब से ऊपर होगी।

राजकुमार संतोषी ने फिल्म में चार महान मुद्दे उठाए थे।

1- भारतीय अदालतों में बलात्कार के केस बहुत लंबे और असंवेदनशील रूप से चलते हैं।


2- समाज में बलात्कार को ले कर दोहरे मापदंड हैं। इसमें पीड़िता को ही अपराधी माना जाता है।

3- समाज और कोर्ट की व्यवस्था ऐसी है कि सच बोलना मुश्किल हो जाता है।

4- न्याय और सत्ता अमीर और गरीब के बीच अंतर करती है।

फिल्म की नायिका दामिनी सच्चाई और सरलता का प्रतीक है। परिवार की समस्या हो, सार्वजनिक मुद्दे हों या व्यक्तिगत मामले हों, दामिनी निष्कपट जीवन जीने में विश्वास करती है और चाहती है कि उसके आसपास जो लोग हैं, वे भी वैसा जीवन जिएं। उसकी इसी निर्दोषता के कारण ही एक अमीर बिजनेसमैन शेखर गुप्ता (ऋषि कपूर) उसकी ओर आकर्षित होता है और उसके साथ विवाह करता है। विडंबना कैसी कि दामिनी के यही गुण बाद में अनबन की वजह बनते हैं।

फिल्म की कहानी बहुत जानी-समझी है। शेखर का भाई और उसके दोस्त होली की मौजमस्ती में कामवाली उर्मि




(प्रजक्ता कुलकर्णी) के साथ बलात्कार करते हैं। दामिनी और उसका पति इस मामले के चश्मदीद गवाह हैं। दामिनी उर्मि की मदद करना चाहती है, पर उसके अमीर ससुराल वाले इज्जत बचाने के लिए उसे रोकते हैं, जिसकी वजह से उसे घर-परिवार छोड़ना पड़ता है।

दामिनी गुप्ता परिवार के लोगों के अपराधबोध के बीच जी नहीं सकती और बेबस हालत में एक शराबी वकील गोविंद की शरण में पहुंच जाती है। गोविंद, जो कानून और वकालत का सिस्टम किस तरह काम करता है, उसे अच्छी तरह जानता है। वह दामिनी का हाथ थामता है और अमीर लोगों के बैरिस्टर इंद्रजीत चड्ढा (अमरीश पुरी) का सामना करने के लिए तैयार हो जाता है। इसके बाद कानूनी खेल शुरू होता है और बलात्कार के केस में जैसा लोग कहते हैं, कोर्ट में उर्मि पर दूसरा बलात्कार शुरू होता है।



दामिनी एक ओर भारत की असंवेदनशील कोर्ट व्यवस्था पर टिप्पणी करती है तो दूसरी ओर महिला सशक्तिकरण का समर्थन करती है। एक सीधी-सादी और भोली दामिनी किस तरह पुरुषप्रधान समाज में अचानक नारी अधिकार की रखवाली करने वाली बन जाती है, यह मजेदार है। इसमें एक दृश्य ध्यान देने वाला है। दामिनी जिस तरह ससुराल वालों के फरमान का उल्लंघन करती है और परिवार की बहू के फर्ज भूल कर एक पराई स्त्री को न्याय दिलाने का झंडा उठाती है, यह देख कर भड़का चड्ढा गुप्ता परिवार को %आश्वासन% देता है कि %मैं दामिनी को कभी दूसरी औरतों के लिए मिसाल बनने नहीं दूंगा। इसलिए वह दामिनी को पागल ठहराने की कोशिश करता है। बात तो ठीक ही है। पुरुष के वर्चस्व वाले समाज में अगर स्त्री खुद को स्वतंत्र बताती है तो वह पागल ही कहलाएगी।

90 के दशक में जब रोमांटिक और ऐक्शन फिल्में चल रही थीं, तब राजकुमार संतोषी ने बलात्कार को ले कर समाज और न्याय तंत्र के निराशाजनक अभिगम पर एक नायिका प्रधान फिल्म बनाने का साहस किया था। अर्धसत्य (1982) वाला गोविंद निहलानी के सहायक के रूप में काम करने वाले संतोषी ने 1990 में सनी देओल और मीनाक्षी शेषाद्री के साथ घायल फिल्म से निर्देशन के क्षेत्र में पदार्पण किया था। दामिनी उनकी दूसरी फिल्म थी। ऐसा कहा जाता है कि संतोषी को ठीक से मौका मिलता नहीं था। सनी ने पहले उन्हें घायल और फिर दामिनी में फाइनेंस की व्यवस्था कराई थी।


एक इंटरव्यू में उन्होंने कहा था, घायल फिल्म के बाद मैंने उन्हें सिक्वल बनाने के लिए पैसा दिया होता, पर दामिनी की कहानी मुझे अच्छी लगी थी। मुझे लगा कि यह कहानी ज्यादा प्रासंगिक है। कई लोगों ने मुझे सुझाया कि फिल्म में मीनाक्षी की बहन के साथ बलात्कार दिखाया जाए तो दर्शकों की सहानुभूति अधिक मिलेगी। मैंने कहा कि अपनी मां-बहन के लिए तो सभी लड़ते हैं। मुझे तो दामिनी को नौकरानी के लिए लड़ते दिखाना है और वह नौकरानी के लिए अपने पति, ससुराल और दूसरे तमाम लोगों से लड़ जाती है। मुझे ऐसी नायिका का उदाहरण देना है।

और मीनाक्षी ने भी दामिनी की इस भूमिका को उसके नाम के अनुसार ही न्याय दिया था। दामिनी का अर्थ होता है बिजली, और फिल्म की नायिका बिजली बन कर सभी पर ऐसी गिरी थी कि आज भी उसकी गर्जना सुनाई देती है।



**वीरेंद्र बहादुर सिंह**
नोएडा(उत्तरप्रदेश)

## महिमा मोबाइल की



उफ्फ कभी सब्जी जल जाए लग संग कड़ाई के तो कभी तड़का पूरा का पूरा, कभी दूध उबल उबल हो जाये आधा या पी जाए पूरा का पूरा दूध पतीला ही। उफ्फ्फ हुआ ये हाल अक्सर जब डूब जाए पत्नी हमारी व्हाट्सएप में, फेसबुक में या लिखने में अपनी कविता, कहानी। पर पूरे घर में महक आ जाती सब्ज़ी जलने की, लगने की या दूध जलने की पर श्रीमती जी को भनक भी न लगती।

और जब कुछ कहो तो मासूम सा चेहरा बना बोलेंगी अरे बस पांच मिनट के लिये ही तो रसोई से बाहर आई, इसी में देखो न क्या हो गया।

अब इस मासूमियत पर कोई क्या बोले जो फोन में ऐसे खो जाती हैं जैसे पानी में शक्कर।

हमने पत्नी जी को बड़े प्यार से कहा सुनो जी आप जितना मर्जी लिखो, फोन, व्हाट्सएप , फेसबुक देखो बस गैस पर कुछ बनता छोड़ भूल मत जाया करो। नहीं तो पहले रसोई का काम निपटा आराम से देखो, लिखो जो करना है करो कौन मना करता है पर ऐसे देखो चीज़ का नुकसान तो होता है तुम्हारी मेहनत भी तो बर्बाद होती है....सब्ज़ी लाओ, धोओ फिर काटो और फिर खाने को भी न मिले । दूध भी उबल उबल पूरी रसोई में बिखर जाता है या किलो का आधा किलो हो जाता है या पूरा लग ही जाता है पतीले से। हम तो बस कह भर रहे थे श्रीमती जी तो फूट फूट कर रोने लगी सुबकने लगी ÷हम ये सब क्या जान कर करते हैं हमने सिर पकड़ लिया और उन्हें बहलाया नहीं मैंने ऐसा कब कहा। चलो आँसू पोछो चाय पीते हैं बढ़िया सी। भला हो इस आभासी दुनिया का जिसने अपनों को ही पराया कर दिया न कुछ कहते बनता है न चुप रहते बस मकड़जाल है जिसने सब को उलझा रखा है अपने पाश में।

अब भला हो चाय की प्याली सही सलामत मिल जाये बस टकटकी लगा बेसब्री से श्रीमती जी को ही ये बेबस अखियाँ ताक रही थीं। कहीं फिर कोई ख़्याल या किसी फोन की भेंट न चढ़ जाए चाय भी।

उफ्फ्फ कैसा जादू है ये इस नई तकनीक का जो बना फांस गले की। सुकून था जब न था मोबाइल, न व्हाट्सएप, न फेसबुक कम से कम श्रीमती जी तो अपनी थीं हमारी ओर प्यार से देखती थीं, कभी चाय पकौड़े, कभी नए नए व्यंजन,साथ बैठना, बातें करना....अब तो हुई ये बीती सी बातें बीती दास्तां सी। बस ठीक से चाय, पानी, खाना मिल जाये वही गनीमत है जी।। तभी श्रीमती जी एक हाथ से चाय पकड़े एक हाथ से कान पे फोन लगाए आयीं और चाय थमा चल दीं और हम मायूस से कभी चाय को कभी उन्हें जाते देखते रहे...बस चाय थी, हम और हमारी तन्हाई जिसकी आदत ही पड़ने लगी थी खुद को कोसते न मोबाइल तोहफे में देते न सुबह, दिन और रातें यूँ पराई होतीं और हमारी जगह ये मुआ मोबाइल ले लेता बड़ी ही बेदर्दी से। अब पछताये होत क्या जब पतिदेव से ज़्यादा प्यारा हो गया था मोबाइल ।।



**मीनाक्षी सुकुमारन**
नोएडा उत्तरप्रदेश

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।

# विवि का ऑफिशियल वेबसाइट नहीं होने से परिणाम देखने में होती है परेशानी

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** आजाद सेवा संघ छत्तीसगढ़ के प्रदेश सचिव रचित मिश्रा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं द्वारा विश्वविद्यालय के कुलसचिव को ज्ञापन सौंपा कर बताया कि संत गहिरा गुरु विश्वविद्यालय के सत्र 2022-23 का परीक्षा परिणाम घोषित होने में अति विलंब हो रहा है। जिस कारण जो अंतिम वर्ष के छात्र-छात्राएं हैं वे अपनी आगे की पढ़ाई एवं किसी रोजगार के लिए अपना कोई भी फॉर्म नहीं भर पा रहे हैं। जिस कारण छात्र बहुत परेशान हैं। अभी हाल ही में व्यापम और कई सारी भर्तियों की परीक्षाएं भी हुए हैं, परंतु उसमें अंतिम वर्ष की अंकसूची मांगी गई है जिसके कारण छात्र पात्र होकर भी अपात्र हो जा रहे हैं। क्योंकि उनके पास उनकी अंकसूची नहीं है। आज तक विश्वविद्यालय की कोई भी



ऑफिशियल वेबसाइट नहीं है, जिसमें परिणाम घोषित किया जाए एक अन्य वेबसाइट के माध्यम से छात्रों द्वारा अपना परिणाम देखा जाता है और प्रत्येक छात्र का परिणाम उसका निजी होता है। पर उस थर्ड पार्टी वेबसाइट के माध्यम से किसी भी छात्र का सिर्फ नाम डालकर परिणाम देख लिया जाता है। जो कि बिल्कुल भी उचित नहीं है। संघ के द्वारा मांग किया जाता है कि विश्वविद्यालय एक ऑफिशियल परिणाम के लिए वेबसाइट बनाएं जिस पर जाकर छात्र अपना परिणाम देख सकें। आजाद सेवा संघ द्वारा प्रदर्शन की चेतावनी देते हुए कहा कि जल्द से जल्द पूरे संभाग भर की परीक्षा परिणामों को घोषित किया जाए एवं अंतिम वर्ष के छात्रों का परिणाम पहले घोषित किया जाए और परिणाम घोषित करने के लिए एक ऑफिशियल वेबसाइट बनाया जाए। विश्वविद्यालय के कुलसचिव के द्वारा आश्वासन देते हुए कहा गया है। दोनों मांग पर उचित करवाई किया जाएगा और सोमवार से परिणाम घोषित होना जारी हो जाएंगे।




## जनपद सीईओ एसएन तिवारी पर लगाया भ्रष्टाचार का आरोप

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** सरगुजा जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राकेश सिंह ने प्रेसवार्ता कर जनपद सीईओ एसएन तिवारी पर भ्रष्टाचार में संलिप्त होने का गंभीर आरोप लगाया है। जिला महामंत्री राकेश सिंह का आरोप है कि राजनीतिक रसूख के दम पर जनपद सीईओ एसएन तिवारी विगत 6 वर्षों से सरगुजा जिले में पदस्थ है। जबकि ये पहले ऐसे जनपद सीईओ हैं जिन्हें अंबिकापुर और लुंड्रा जनपद कार्यालय का प्रभार दिया गया है। इस कार्यकाल के दौरान जनपद सीईओ ने कई भ्रष्टाचार के कारनामे को अंजाम दिया है। इस संबंध में जिला कांग्रेस कमेटी के महामंत्री राकेश सिंह ने दस्तावेज के आधार पर उच्च अधिकारियों से शिकायत कर जनपद सीईओ के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग कर चुके है। बावजूद इसके जिले में 6 वर्षों से पदस्थ जनपद सीईओ एसएन तिवारी के खिलाफ कार्रवाई तो दूर अब तक एक भी प्रकरणों में जांच तक नहीं बैठी है। वहीं अब राकेश सिंह का कहना है कि यदि 15 दिनों के भीतर भ्रष्टाचार के कई मामलों में संलिप्त जनपद सीईओ एसएन तिवारी के खिलाफ कार्रवाई नहीं हुई तो कलेक्ट्रेट कार्यालय का घेराव करेंगे साथ ही थाने में प्राथमिक भी दर्ज करवाएंगे।

## झोलाछाप डॉक्टर से इलाज करना पड़ा महंगा,युवती की गई जान





-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** जशुपर जिले के गुमचा में एक झोला छाप डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाते ही युवती बेहोश हो गई। तबियत बिगडने् पर झोला छाप डॉक्टर आनन फानन में निजी वाहन कर युवती को परिजन के साथ इलाज के लिए अंबिकापुर भेज दिया। यहां परिजन उसे इलाज के लिए मिशन अस्पताल में भर्ती कराया। यहां इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। जानकारी के अनुसार 18 वर्षीय पूर्णिमा यादव पिता ललित यादव जशपुर जिले के बगीचा थाना क्षेत्र के ग्राम सुलेशा पाठ की रहने वाली थी। पूर्णिमा को कुछ दिनों से सर्दी-खांसी के कारण कमजोर हो गई थी। बुधवार को इसके पिता गुमचा इलाज के लिए एक झोला छाप डॉक्टर के पास ले गया था। यहां चिकित्सक द्वारा पूर्णिमा के पिता को बताया गया कि आपकी लडक़ी को काफी कमजोरी है। इसे इंजेक्शन लगाना पड़ेगा। डॉक्टर द्वारा इंजेक्शन लगाते ही युवती की तबियत विगड़ गई और बेहोश हो गई। इसके बाद झोला छाप डॉक्टर आनन फानन में रूपये और वाहन की वयवस्था कर अंबिकापुर अस्पताल में इलाज के लिए भेज दिया लेकिन रास्ते में ही छात्रा की मौत हो गई। उधर परिवार वालो ने युवती को मिशन अस्पताल लेकर पहुंचे जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फिलहाल मिशन अस्पताल चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर लिया है।

युवती के मौत के बाद इसके पिता ने झोला छाप डॉक्टर पर गलत इंजेक्शन लगाने का आरोप लगाया है। मृतका के पिता का कहना है कि इंजेक्शन लगाते ही मेरी बेटी की तबियत विगड़ गई थी। जबकि इससे पहले मेरी बेटी की तबियत ठीग था। मेरे साथ बैंक गई थी। बैंक का काम खत्म करने के बाद मेरी बेटी दवा खरीदने के लिए बोली। इसके बाद मैं गुमचा में ही एक झोला छाप डॉक्टर के पास इलाज कराने पहुंचा था। मृतका के पिता ने दोषी डॉक्टर के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

# मोदी सरकार की उपलब्धियों को जनता के बीच पहुंचा दें तो हमें चुनाव में प्रचार भी नहीं करना पड़ेगा : ज्योति नंद दुबे






-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** भाजपा सरगुजा का संयुक्त मोर्चा सम्मेलन आज माता राजमोहिनी देवी भवन में जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे के मुख्य आतिथ्य एवं भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह की अध्यक्षता में संपन्न हुआ।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए जिला प्रभारी ज्योति नंद दुबे ने कहा कि यदि मोदी जी के 9 साल की उपलब्धियों को हम जनता के बीच ठीक से पहुंचा दें तो हमें चुनाव में प्रचार भी नहीं करना पड़ेगा, इस देश में आजादी के बाद पहली बार गरीब मां की कोख से पैदा हुआ बेटा देश का प्रधानमंत्री बना है और उनके नेतृत्व में हमारा देश लगातार विकास के पथ पर अग्रसर है। आगे उन्होंने कार्यकर्ताओं से आह्वान करते हुए कहा कि मैं आपसे 23 से 30 जून तक का समय मांगता हूं आपने इमानदारी से समय दिया तो तीनों विधानसभा आपकी झोली में होगी, देश के हर घर में केंद्र सरकार के किसी ने किसी योजना के रूप में मोदी विद्यमान हैं, आपको भी नरेंद्र मोदी बनकर घर घर जाना पड़ेगा।

इस अवसर पर भाजपा जिला अध्यक्ष ललन प्रताप सिंह ने कहा कि भाजपा के प्रत्येक कार्यकर्ता को प्रत्येक घरों में जाकर मोदी जी का संदेश और सेवा और सुशासन गरीब कल्याण के लिए किए गए मोदी सरकार के कार्य को बताना पड़ेगा।

इस अवसर पर भाजपा वरिष्ठ नेता अनिल सिंह मेजर ने कहा कि मोदी है तो मुमकिन है, मोदी सरकार की उपलब्धियां इतनी है कि उसे संपर्क योजना के माध्यम से यदि शत-प्रतिशत घरों तक पहुंचा दें तो भाजपा को जीतने से कोई नहीं रोक सकेगा। ओबीसी मोर्चा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अखिलेश सोनी ने कहा कि भाजपा के सात मोर्चे सात रंगों की सतरंगी सेना है और जब यह सेना संपर्क अभियान में निकलेगी तो चारों तरफ का वातावरण भाजपामय हो जाएगा। इस अवसर पर भाजपा नेता रामकिशुन सिंह ने कहा कि मोदी जी भारत को विश्व गुरु बनाने के लक्ष्य को लेकर काम कर रहे हैं हमें उनका हाथ मजबूत करना चाहिए। आदिवासी नेता राम लखन सिंह पैकरा ने कहा कि भाजपा संगठन के सातों मोर्चा को प्रतिस्पर्धा के भाव से पार्टी के लिए काम करना चाहिए।

पूर्व विधायक विजय नाथ सिंह ने कहा कि मोदी जी के 9 साल में देश प्रगति के पथ पर निरंतर आगे बढ़ रहा है। नगर निगम नेता प्रतिपक्ष प्रबोध मिंज ने कहा कि अमरजीत भगत और टीएस सिंह देव दोनों मंत्री जनता के उम्मीदों पर असफल हैं , आगामी चुनाव में जनता उन्हें सबक सिखाएगी। प्रदेश कार्यसमिति सदस्य भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि हमारा मुकाबला कौरव रूपी कांग्रेस के साथ है इसलिए पूरी योजना के साथ हमें पांडवों की तरह अपने एकमात्र लक्ष्य जीत की तरफ बढना है। भाजपा जिला उपाध्यक्ष अंबिकेश केसरी ने कहा कि आज पूरा विश्व नरेंद्र मोदी को अपना नेता स्वीकार कर चुका है, मोदी जी के नेतृत्व में हमारा देश अब विश्व गुरु बनने की दिशा में अग्रसर है। भाजपा नेता त्रिलोक कपूर कुशवाहा ने कहा कहा कि जिन लोगों पर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लगे हैं ऐसे विपक्षी दलों के नेता मोदी जी के खिलाफ कल पटना में एकत्रित हो रहे हैं, ऐसे षड्यंत्रकारी घोटाले बाजों की सच्चाई जनता अब जान चुकी है। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य हरपाल सिंह भामरा, महिला मोर्चा जिला अध्यक्ष फुलेश्वरी सिंह, ओबीसी मोर्चा प्रदेश मंत्री मनोज गुप्ता, अनिल अग्रवाल उमाशंकर उपाध्याय, राजेंद्र जायसवाल नकुल सोनकर, विक्रम सिंह बावरा ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने किया तथा आभार प्रदर्शन अनुसूचित जनजाति मोर्चा जिला अध्यक्ष धनाराम नागेश ने किया। इस अवसर पर अंबिकापुर विधानसभा प्रभारी राम कृपाल साहू, विधानसभा प्रभारी शिवनाथ नाथ यादव, विधान सभा सीतापुर प्रभारी उपेंद्र यादव, भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य अरुणा सिंह भाजपा जिला महामंत्री अभिमन्यु गुप्ता देवनाथ सिंह पैकरा, आकाश गुप्ता प्रशांत त्रिपाठी राजकुमार बंसल विनोद हर्ष मंजूषा भगत, मधु चौदाहा, विकास पांडे, राजेश अग्रवाल, विजय व्यापारी, मधुसुदन शुक्ला,संतोष दास रूपेश दुबे अभिषेक शर्मा आलोक दुबे सोमनाथ सिंह बंशीधर उराव संतोष द्विवेदी गोपाल सिन्हा कैलाश मिश्रा रामप्रवेश पांडे सर्वेश तिवारी सोनू तिग्गा, संजीव वर्मा, रिंकू सिंह संजय वोडा , कैश मोहम्मद, अनामिका पैकरा प्रियंका चौबे नीलम राजवाड़े सरिता जायसवाल हरजीत छाबड़ा जितेंद्र सोनी संजय जयसवाल हरविंदर पिन्नी दीपक सिंह तोमर प्रेमानंद तिग्गा वैभव सिंह देव रजनीश पांडे मनोज सोनी मयंक जायसवाल वीर सोनी गोलू यादव रोहित कुशवाहा तथा अंकित तिर्की सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# होलीक्रॉस वीमेंस कॉलेज में मनाया गया योग दिवस



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** होलीक्रॉस वीमेंस कॉलेज अंबिकापुर 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम छत्तीसगढ़ सरकार समाज कल्याण विभाग के निर्देशानुसार एवं महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ .सिस्टर शांता जोसेफ के मार्गदर्शन में एक विश्व एक स्वास्थ्य के अंतर्गत संचालित किया गया। योग सत्र का नेतृत्व स्कूल ऑफ योगा कतर की शिक्षिका सरिता श्रीवास्तव ने किया। उन्होंने योग के विभिन्न चरणों पर बात की एवं योग से होने वाले फायदे का वर्णन करते हुए स्वस्थ रहने के लिए योग के महत्वपूर्ण आसनों को करके बताया । कार्यक्रम का संयोजन डॉक्टर मृदुला सिंह ने किया संचालन प्रज्ञा सिंह ने किया। महाविद्यालय की एनसीसी इकाई ने 28 बटालियन रायगढ़ के निर्देशानुसार योग दिवस मनाया। क्रीड़ाधिकारी राजेश नायक द्वारा योग के महत्व को बताया तथा उन्होंने योग की विभिन्न क्रियाओं को संपन्न किया। यह एनसीसी अधिकारी अंजना द्वारा संचालित किया गया। महाविद्यालय की एनएसएस इकाई द्वारा भी योग पर आधारित कार्यक्रम संपन्न हुए। इस अवसर पर महाविद्यालय के शैक्षणिक एवं अशैक्षणिक स्टाफ़ एवं बड़ी संख्या में छात्राओंद्द की सक्रिय उपस्थिति रही।

## बारह हाथियों का दल मकान को किया क्षतिग्रस्त

-संवाददाता-

**लखनपुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** लखनपुर वन क्षेत्र अंतर्गत ग्राम पटकुरा में 21 व 22 जून की दरमियानी रात लगभग 12:30 बजे 12 हाथियों का दल पटकुरा आ पहुंचा और पटकूरा निवासी सोनसाय मझवार पिता घुराऊ मझवार के मकान को क्षतिग्रस्त कर घर के अंदर रखे सामानों को नष्ट कर दिया ग्रामिण



का घर तोड़ने के दौरान बकरी का बच्चा भी बुरी तरीके से घायल हो गया बताया जा रहा है की 12 हाथियों का दल गांव में पहुंचने से ग्रामीणों में दहशत का माहौल है वही हाथियों के दल पहुंचने से ग्रामीण घर छोड़ भागन निकले और रात भर रतजगा करने को मजबूर हैं। हाथियों के पहुचने की सूचना वन विभाग को दे दी गई है।

# राज्यस्तरीय ताईक्वांडो प्रतियोगिता के लिए खिलाड़ियों का किया गया चयन

-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।**19 वीं छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो प्रतियोगिता का आयोजन 26 से 28 जून 2023 को रायगढ़ में आयोजित किया जा रहा है। जिसमें सरगुजा ताइक्वांडो संघ द्वारा 21 जून को पीजी कॉलेज मैदान के ताइक्वांडो ट्रेनिंग सेंटर में जिला स्तरीय सलेक्शन प्रतियोगिता किया गया। जिसमें प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि शैलेंद्र प्रताप सिंह, सरला सिंह जिला पंचायत सदस्य, विशेष अतिथि विकास गुप्ता, अग्रणी जिला प्रबंधक सरगुजा सौरव फिलिप, अंकिता मिश्रा, प्रीति सिंह, ज्ञान तिवारी, प्रिंस विश्वकर्मा द्वारा प्रतियोगिता का




शुभारंभ किया गया। जिसमें लगभग 110 खिलाड़ी शामिल हुए जो प्रतिभागी पर्थ में तीसरा स्थान प्राप्त किया। यह खिलाड़ी राज्य स्तरीय प्रतियोगिता रायगढ़ में शामिल होंगे। कोच राधेश्याम मानिकपुरी, मैनेजर गन्नू खत्री द्वारा खिलाडि़यों को शामिल किया जाएगा। उक्त जानकारी छत्तीसगढ़ ताइक्वांडो संघ की संयुक्त सचिव अशोक तिर्की ने दी है।

## एनसीसी कैडेट्स द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली का किया गया आयोजन



-संवाददाता-

**अम्बिकापुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** एनसीसी रायपुर ग्रूप एवं 28 सीजी बटालियन एनसीसी रायगढ़ के मार्गदर्शन में राजीव गांधी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय अंबिकापुर के प्राचार्य डॉ रिजवान उल्ला के संरक्षण में और महाविद्यालय के एनसीसी अधिकारी लेफ्टिनेंट पंकज कुमार अहिरवार के निर्देशन में आज दिनांक 22.06.2023 को महाविद्यालय के एनसीसी कैडेट्स द्वारा नशामुक्ति अभियान के अंतर्गत रैली का आयोजन किया गया।जिसमें एसडी और एसडबल्यू कैडेट्स ने रैली निकालकर शहरवासियों को नशामुक्ति से संबंधित संदेश का प्रसारण किया।

# सूरजपुर जिले को एक और लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की सौगात मिली

-संवाददाता-

**सूरजपुर,22 जून 2023 (घटती-घटना)।** जिले को एक और लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस की सौगात मिली है। एनएचआई नियम के अधीन प्रदत की गई है । जो पचिरा टोल प्लाजा पर खड़ी रहेगी उक्त एंबुलेंस के मिलने से एन एच में गंभीर रूप से घायल व्यक्तियों के लिए मददगार साबित होगा। वाहन में घायलों को न केवल प्राथमिक उपचार होगा बल्कि उन्हें समुचित उपचार हेतु नजदीक के स्वास्थ केंद्र या जिला अस्पताल पहुंचाया जाएगा। उल्लेखनीय है की जिला मुख्यालय से महज 6 किलोमीटर की दूरी पर पचीरा स्थित टोल प्लाजा को एक सर्व सुविधा ऊक्त लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस वाहन की सौगात मिली है जो टोल के दोनो तरफ सड़क दुर्घटना में घायल लोगो की मदद करेगी वही गंभीर रूप से घायलों को इलाज हेतु लाइफ सपोर्ट सुविधा के साथ जिला




अस्पताल तक पहुंचाएगी । उक्त संबंध में टोल के समीप खड़ी एंबुलेंस में तैनात पायलट श्याम कुमार एवम ई एम टी अभिषेक शुक्ला ने संयुक्त रूप से बताया कि सड़क दुर्घटना में घायल लोगो के मदद हेतु को लिए 24× 7 सुविधा उपलब्ध है। जो टोल प्लाजा से एन एच पर लगभग 15 किलोमीटर दोनो तरफ सूचना पर दुर्घटना में घायल के मदद के लिए तत्काल पहुंचेगी इस सुविधा लाभ लेने के लिए 1033 नंबर पर डायल करना होगा डायल करते ही तत्काल दुर्घटना स्थल के लिए निकल पड़ेगी। कई मर्तबे एन एच में गंभीर हादसे हुए किंतु एंबुलेंस के अभाव में दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मौत हो चुकी है। यैसी स्थिति में वाहन जीवन दायिनी साबित होगी संभवत एन एच आई द्वारा यह लाइफ सपोर्ट एंबुलेंस एन एच में दुर्घटना में घायल मरीजों के हेतु संभाग में पहली एंबुलेंस दी गई ।

## अफगानिस्तान और पाकिस्तान में सीमा को लेकर तनाव

काबुल ।अफगानिस्तान की तालिबानी सरकार ने 130 वर्ष पुरानी पाकिस्तान अफगानिस्तान सीमा डूरंड लाइन की वैधता पर सवाल खड़े किए हैं। अफगानिस्तान के रक्षा मंत्री और तालिबान के संस्थापक मुल्ला उमर के बेटे मौलवी याकूब मजीद ने अफगानिस्तान और पाकिस्तान की सीमा रेखा को काल्पनिक रेखा बताया है। 2021 में तालिबान ने पाकिस्तानी जवानों को तारबंदी करने से रोक दिया था। अफगानिस्तान सीमा पर पाकिस्तानी हिस्से वाले पश्तून इलाके पर अफगानिस्तान अपना दावा कर रहा है। जिससे अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच तनाव भी बढ़ रहा है।

## मानवाधिकार का मुद्दा नहीं उठाएगा अमेरिका

वाशिंगटन ।अमेरिका भारत के साथ बड़ी डील करना चाहता है। जिसके कारण वह कई मुद्दों पर असहमत होते हुए भी, शांत रहेगा। अमेरिका की पूरी कोशिश है, कि भारत के साथ जिन मुद्दों पर अमेरिका की डील होनी है। उसको करने के लिए भारतीय प्रधानमंत्री के साथ सकारात्मक रुख अपनाया जाए। मानव अधिकार और लोकतांत्रिक संस्थाओं को लेकर अमेरिका जो राय पिछले महीनों में व्यक्त कर रहा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ वार्ता करते समय अमेरिकी प्रशासन अब इन मामलों में मौन रखेगा। अमेरिका का पूरा ध्यान रक्षा सौदा, चीन और रूस के साथ संबंधों और यूक्रेन को लेकर भारत के साथ आपसी सहमति और भागीदारी बढ़ाने के ऊपर पूरा फोकस रहेगा। विवादित मुद्दों को अमेरिका हाल-फिलहाल लाल बस्ते में बांधकर अमेरिका ने रख दिया है।

## टाइटैनिक का मलबा देखने गए पनडुब्बी में सवार सभी लोगों की मौत ?

वॉशिंगटन ।टाइटैनिक का मलबा देखने गए सभी लोगों की मौत होने की पु?ष्टि की जा रही है। हालांकि समुद्र में गोता लगाने वाली उस पर्यटक पनडुब्बी को अभी भी खोजा जा रहा है जो रविवार को लापता हो गई थी। इस लापता पनडुब्बी में एक पाकिस्तानी मूल के ब्रिटिश अरबपति और उनका बेटा समेत 5 लोग सवार हैं। अमेरिकी नौसेना समेत दुनिया भर से बचावदल रविवार को लापता हुई इस पनडुब्बी को खोजने में लगे हैं, लेकिन इसका कोई सुराग नहीं लगा है। गणना के हिसाब से पनडुब्बी में सवार लोगों के पास कुछ ही घंटे का ऑक्सीजन बचा है, लेकिन अब एक रिपोर्ट में कहा जा रहा है कि शायद ऑक्सीजन होने के बावजूद उसमें सवार सभी लोग पहले ही मर चुके हों। बुधवार को आई रिपोर्ट के मुताबिक जब इस पनडुब्बी ने डुबकी लगाई थी तब इसमें 96 घंटे का ऑक्सीजन था। लेकिन गोता लगाने के कुछ देर बाद ही पनडुब्बी गायब हो गई और तब से इसका ऑक्सीजन लेवल लगातार घट रहा है। माना जा रहा है कि गुरुवार की सुबह 11 या 12 बजे तक ऑक्सीजन पूरी तरह खत्म हो गया होगा। हालांकि रॉयल नेवी के रिटायर्ड अनुभवी डाइवर रे सिंक्लेयर ने दावा किया है कि संभव है कि पनडुब्बी में सवार सभी लोग जहरीली कार्बन डाइऑक्साइड से मर गए हों। इस मामले में मीडिया से बात करते हुए रे सिंक्लेयर ने कहा, इन पनडुब्बियों में बैटरियां होती हैं, जो सीमित समय तक ही चलती हैं। इनमें कार्बनडाइऑक्साइड स्क्रबर होते हैं जो सीओ2 को अवशोषित कर लेती हैं। अगर ये काम न करें तो ऑक्सीजन खत्म होने से पहले ही लोगों का दम घुट सकता है। जहरीली गैस उन्हें पहले ही मार डालेगी। अंदर गैस भरने से उन्हें बहुत जल्दी नींद आ जाएगी और वह धीरे-धीरे मर जाएंगे। सीओ2 को कहीं भी निकलने की जगह नहीं है और मुझे डर है कि वह पहले ही मर चुके होंगे।

## 12000 प्रवासी भारतीय वाशिंगटन पहुंचे, डबल किराया, होटल फुल

वाशिंगटन ।भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, इन दिनों अमेरिका के दौरे पर हैं। इस अवसर पर अमेरिका के 50 राज्यों से 12,000 से अधिक प्रवासी भारतीय वाशिंगटन डीसी पहुंचे हैं। व्हाइट हाउस के आसपास के सभी होटल फुल हैं। किराया भी लगभग दोगुना हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 2 दिन यहां के कार्यक्रमों में हिस्सा लेंगे। अमेरिका के विभिन्न राज्यों से जो प्रवासी भारतीय वाशिंगटन पहुंच रहे हैं। उसको देखते हुए हवाई जहाज में भी किराया बढ़ गया है। जो किराया 25000 रुपये था। वह बढ़कर 75000 रुपये तक हो गया है। वहीं जो होटल का रूम 12 से 15000 रुपये में मिल रहा था। वह बढ़कर 25 से 30000 रुपये मे हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को देखते हुए बड़ी संख्या में प्रवासी भारतीयों को वाशिंगटन पहुंचने का आमंत्रण दिया था। जिसके कारण 12000 से अधिक प्रवासी भारतीय वाशिंगटन डीसी में 2 दिन तक बने रहेंगे।

## ड्रैगन बोट फेस्टिवल के दौरान रेस्तरां में भयंकर विस्फोट, 31 की जलकर मौत

बीजिंग। उत्तर-पश्चिमी चीन में ड्रेगन बोट फेस्टिवल के दौरान रेस्तरां में हुए सिलेंडर विस्फोट में 31 लोगों की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार यहां एक 'बारबेक्यू' रेस्तरां में रसोई गैस से भीषण विस्फोट हुआ जिसमें 31 लोगों की मौत हो गई और 7 अन्य लोग बुरी तरह से घायल हुए हैं। चीन के अधिकारियों ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार, निंग्जिया हुई स्वायत्त क्षेत्र की राजधानी यिनचुआन में बुधवार को एक व्यस्त सड़क पर लोग ड्रैगन बोट फेस्टिवल की छुट्टियों की पूर्व संध्या पर इकट्ठा हुए थे। इस त्योहार पर राष्ट्रीय अवकाश रहता है। तभी रात करीब 8 :40 बजे विस्फोट होने से वहां हड़कंप मच गया। आग की चपेट में आने से झुलसे 7 लोगों का फिलहाल उपचार किया जा रहा है। यहां पर लोग शीशे टूटने की वजह से भी वह बुरी तरह घायल हो गए। सभी का बेहतर तरीके से इलाज किया जा रहा है। इसके बाद चेन नामक महिला ने बताया कि जब उसने विस्फोट की आवाज सुनी तो वह रेस्तरां से करीब 50 मीटर की दूरी पर थी। महिला ने बताया कि इसके बाद उसने दो कर्मचारियों (वेटर) को रेस्तरां से बाहर निकलते देखा जिनमें से एक गिर गया। रेस्तरां से धुआं निकल रहा था और रसोई गैस की तेज गंध पूरे क्षेत्र में फैल गई। वहीं केंद्र सरकार के आपातकालीन प्रबंधन मंत्रालय ने अपने सोशल मीडिया पर रेस्तरां में खोज तथा बचाव कार्य बृहस्पतिवार सुबह पूरा होने की जानकारी दी। मंत्रालय ने बताया कि विस्फोट के कारण का पता लगाने के लिए जांच अधिकारियों को मौके पर भेजा गया है। गौरतलब है कि सुरक्षा में सुधार के सालों के प्रयासों के बावजूद चीन में गैस और रासायनिक विस्फोटों के कारण दुर्घटनाएं असामान्य नहीं हैं। गौरतलब है कि वर्ष 2015 में भी उत्तरी बंदरगाह शहर तियानजिन में विस्फोट में 173 लोग मारे गए थे।

## अज्ञात विस्फोट में 29 लोग हुए घायल, 4 की हालत गंभीर, दो लापता

पेरिस ।मध्य पेरिस में हुए एक बड़े विस्फोट में 29 लोग घायल हो गए, जिनमें से चार की हालत गंभीर है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह धमाका एक इमारत में हुआ, जहां एक डिजाइन स्कूल और रुए सेंट-जैक्स में कैथोलिक शिक्षा प्रणाली का मुख्यालय स्थित है। आपातकालीन कर्मचारी इमारत के मलबे में से लोगों को खोज रहे हैं, कम से कम दो के लापता होने की सूचना है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, विस्फोट से पहले गैस की तेज गंध थी। पेरिस के अभियोजक लॉर बेकुआउ ने घटनास्थल पर पहुंचने के बाद कहा कि कैमरा फुटेज की शुरुआती जांच से पता चलता है कि विस्फोट इमारत के भीतर हुआ, जो वैल डे ग्रेस चर्च के बगल में था। हालांकि, अधिकारियों ने कहा है कि अभी तक विस्फोट के कारणों का पता नहीं चला है। वहीं पेरिस के पुलिस प्रमुख लॉरेंट नुनेज ने कहा कि शुरुआत में इमारत में आग लगी थी, लेकिन बाद में आग पर काबू पा लिया गया। एक मीडिया रिपोर्ट के अनुसार, इलाके की घेराबंदी कर दी गई है और पेरिस की मेयर ऐनी हिडाल्गो घटनास्थल पर हैं, जबकि गृहमंत्री गेराल्ड डर्मैनिन ने लोगों को इस क्षेत्र से दूर रहने की चेतावनी दी है। बताया जा रहा है कि जिस क्षेत्र में विस्फोट हुआ वह पेरिस के लेफ्ट बैंक क्षेत्र में लैटिन क्वार्टर से दक्षिण की ओर चलता है जो पर्यटकों के बीच लोकप्रिय है और अपनी छात्र आबादी के लिए जाना जाता है। बुलेवार्ड सेंट-मिशेल पर एक प्रत्यक्षदर्शी इकोले डेस माइन्स के एक छात्र ने बताया कि मैं वैल डे ग्रेस के सामने था, मैंने एक बड़ा उछाल सुना और मैंने आग की 20 या 30 मीटर ऊंची उछाली एक गेंद देखी। तेज आवाज हुई और इमारत का एक बड़ा हिस्सा ढह गया। मुझे गैस की गंध आई, लेकिन मुझे होश में आने में कई मिनट लगे। एक अन्य चश्मदीद एंटोनी ब्रोचॉट ने बताया कि जब उसने बड़ा धमाका सुना तो वह घर पर था।



समरसेट में पारंपरिक वेशभूषा में ग्लेस्टोनबरी समारोह में भाग लेते हुए लोग।

## कुछ एलियन उठाकर ले गए थे मुझे : ग्वेन ब्लाइदे

### -47 साल की महिला ने किया यह दावा

वॉशिंगटन। अमेरिकन महिला ग्वेन ब्लाइदे का दावा है कि अब से करीब 30 साल पहले कुछ दूसरे ग्रह के लोगों ने उसे अगवा कर लिया था। उनकी कैद से छूटने के बाद भी अगले 30 सालों तक उसे कुछ याद नहीं रहा लेकिन वो इस घटना के बारे में साफ तौर पर बता सकती है। अब अपनी जिंदगी में सेट हो चुकीं 47 साल की ग्वेन ब्लाइदे कहती हैं कि उन्हें कुछ एलियन उठाकर ले गए थे। वे तब 18 साल की थीं और अपने अपने दोस्त के साथ सफोल्क में एयरबेस के पास मौजूद थीं। बाहर अंधेरा था और रात के 1 बज रहे थे। उन्हें एक लाल रोशनी आती दिखी। धीरे-धीरे ये 6 रोशनियां हो गईं और वे घूमने लगीं। वे घर की ओर भागे और रोशनी उनके पीछे पड़ी हुई थी। ये काफी विशाल होती जा रही थी। ग्वेन का कहना है कि उन्होंने घर पहुंचकर इस बारे में अपनी डायरी में लिखा था, लेकिन अब वो भी गायब है। वे बताती हैं कि अगले एक घंटे तक क्या हुआ, उन्हें कुछ पता ही नहीं चला। अब उन्हें इतना याद है कि उन्हें कुछ ग्रे यानि स्लेटी रंगों वाले जीव इंस्पेक्ट कर रहे थे। उनकी आंखें बादाम जैसी थीं और वे काफी लंबे और बेलनाकार थे। वे बताती हैं कि बिल्कुल ऐसा लग रहा था जैसे मैं स्विच ऑफ हूं लेकिन ये याद है कि वे लोग एक मेज के चारों तरफ मुझे घेरे हुए खड़े थे। ग्वेन के इस दावे में कितनी सच्चाई है ये तो हम नहीं कह सकते लेकिन ये पिछले दावों से काफी मिलती-जुलती कहानी है, जो कई लोग सुना चुके हैं। बता दें कि विज्ञान आज की दुनिया में काफी प्रगति कर चुका है। हालांकि आज भी कुछ ऐसे सवाल हैं, जिसका जवाब वैज्ञानिकों के पास नहीं है। ऐसे ही दिलचस्प सवालों में से एक ये है कि हमारी दुनिया से अलग भी क्या कोई ऐसा ग्रह है, जहां लोग रहते हैं या फिर ये दूसरे ग्रहों के लोग दिखते कैसे हैं? इस पर कोई ठोस जवाब तो नहीं है लेकिन कहानियां आपको बहुत सारी मिल जाएंगी।

# मोदी के अमेरिका पहुंचते ही एच-1बी वीजा में ढील देने को तैयार हुए बाइडन

**वॉशिंगटन। (एजेंसी)।** अमेरिका में रह रहे लाखों भारतीयों के लिए एक अच्छी खबर आ रही है। जानकारी के मुताबिक बाइडन प्रशासन ने अमेरिका में रहने और काम करने वाले लाखों भारतीयों के लिए एच-1बी वीजा नियमों में ढील देने का मन बनाया है। बाइडन प्रशासन के इस फैसले से हजारों कुशल भारतीय वर्कर्स को अमेरिका में दाखिल होने या फिर रहने पर सुविधा मिलेगी। प्रशासन के करीबी सूत्रों की तरफ से इस बात की जानकारी दी गई है। गौरतलब है कि भारत क पीएम मोदी 21 जून को वॉशिंगटन पहुंचे जहां गार्ड ऑफ ऑनर के साथ उनका स्वागत किया गया। 22 जून को पीएम मोदी, राष्ट्रपति बाइडन के साथ हो रही है। गौरतलब है कि एच1बी वीजा प्रोग्राम के सबसे ज्यादा यूजर्स भारतीय हैं। वित्तीय वर्ष 2022 में इस प्रोग्राम के तहत 73 फीसदी भारतीयों को फायदा हुआ। जबकि कुल 442,000 वर्कर्स ने इसके लिए अप्लाई किया था। अब विदेश विभाग की तरफ से जल्द ही इसका ऐलान किया जाएगा। गुरुवार को ही इस बारे में आधिकारिक घोषणा की जा सकती है।

वीजा रिन्यू करने में अब दिक्कत नहीं आएगी। इस ऐलान के बाद कुछ भारतीय और दूसरे विदेशी वर्कर्स को विदेश जाए बिना अमेरिका में ही अपने वीजा को रिन्यू करने का मौका मिल सकेगा। सरकार द्वारा आने वाले समय में इसे एक पायलट प्रोग्राम के तहत बढ़ाया जा सकता है। इस संबन्ध में एक और अमेरिकी अधिकारी ने कहा कि हम सभी मानते हैं



कि हमारे लोगों की गतिशीलता हमारे लिए एक बड़ी संपत्ति है। इसलिए हमारा लक्ष्य इसे बहुमुखी तरीके से अपनाना है। क्योंकि विदेश विभाग पहले से ही चीजों में बदलाव लाने के लिए रचनात्मक तरीके खोजने के लिए बहुत कड़ी मेहनत कर रहा है। हालांकि यह स्पष्ट नहीं है कि अभी किस प्रकार के वीजा इस प्रोग्राम के योग्य होंगे या फिर पायलट प्रोग्राम को लॉन्च करने का समय क्या होगा।

प्रवक्ता ने कहा कि अगले एक से दो साल के अंदर इस प्रोग्राम को विस्तृत करने के इरादे से कम संख्या के पायलट प्रोजेक्ट की शुरुआत होगी। उन्होंने इस प्रोग्राम को छोटा बताने से इनकार कर दिया। उनका कहना था कि प्रोग्राम के कुछ तरीकों को बदला जा सकता है। हर साल, अमेरिकी सरकार कुशल विदेशी श्रमिकों की तलाश करने वाली कंपनियों को 65,000 एच-1बी वीजा उपलब्ध कराती है। इसके अलावा एडवांस्ड डिग्री वाले प्रोफेशनल्स के लिए अतिरिक्त 20,000 वीजा मुहैया कराती। वीजा तीन साल तक चलता है। इसे अगले तीन साल के लिए रिन्यू किया जा सकता है।

# पुतिन को न्योता देने को लेकर दुविधा में फंसा भारत

### - क्या अमेरिकी राष्ट्रपति को मना पाएंगे प्रधानमंत्री मोदी? रूस की पैनी नजर

**वॉशिंगटन (एजेंसी)।** पुतिन को न्योता देने को लेकर भारत अभी दुविधा में फंसा हुआ है और वाइस ऑफ अमेरिका की रिपोर्ट के मुताबिक प्रधानमंत्री मोदी बाइडन के साथ मुलाकात के दौरान इस पूरे मामले पर बात कर सकते हैं। भारत को जी-20 शिखर सम्मेलन के लिए अतिथियों की लिस्ट फाइनल करनी है। अमेरिका के साथ जहां भारत की नजदीकी बढ़ रही है, वहीं रूस भारत का दशकों से सबसे करीबी मित्र है। ये दोनों ही देश जी-20 के सदस्य देश हैं लेकिन इस यूक्रेन युद्ध को लेकर दोनों के बीच जंग जैसे हालात हैं।

यूक्रेन को अमेरिका ने अरबों डॉलर के हथियार और आर्थिक मदद दी है। वहीं रूस अमेरिका के इस कदम से भड़का हुआ है। इससे दोनों ही महाशक्तियों के बीच तनाव अपने चरम पर है। अमेरिका की कोशिश है कि पुतिन को किसी तरह से दुनिया में अछूत बना दिया जाए। पुतिन पर युद्धापराध के आरोप लगे हैं और गिरफ्तारी की तलवार लटक रही है। ऐसे में भारत का पुतिन को बुलाना अमेरिका को नाराज कर सकते हैं। इससे पहले जी7 देशों के बायकॉट के खतरे को देखते हुए जी-20 के पूर्व अध्यक्ष इंडोनेशिया ने रूस से पुतिन की बजाय विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव को भेजने का अनुरोध किया था।

यही नहीं इंडोनेशिया ने किसी तरह से रूस को यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की को भी वर्चुअली शामिल होने पर सहमत किया था। अब यूक्रेन फिर चाहता है कि जेलेंस्की को जी-20 के शिखर सम्मेलन में शामिल होने का न्योता दिया जाए। भारत ने साफ कर दिया है कि वह जेलेंस्की को नहीं बुलाने जा रहा है। अब भारत पुतिन को बुलाने को लेकर फंसा हुआ है। अगर भारत पुतिन को नहीं बुलाता है तो यह रूस को नाराज कर सकता है। इससे पहले भारत ने एससीओ के शिखर सम्मेलन को वर्चुअल कर दिया है जिसमें रूस के राष्ट्रपति पुतिन को भारत आना था। इससे कई एससीओ देश खुश नहीं हैं। यही वजह है कि अब बाइडन और मोदी की इस शिखर बैठक पर रूस की भी करीबी नजर बनी हुई है।

# खेती के बहाने 10 लाख एकड़ जमीन पर कब्जा करने की साजिश हाईकोर्ट ने की नाकाम

### - हाईकोर्ट ने कहा, सरकार के पास जमीन सेना को सौंपने का संवैधानिक अधिकार नहीं

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तानी सेना खेती के बहाने जमीन कब्जाने में लगी थी लेकिन उसकी इस साजिश को लाहौर हाईकोर्ट से बड़ा झटका लगा है। पाकिस्तान के पंजाब प्रांत की सरकार ने कॉर्पोरेट खेती के लिए 10 लाख एकड़ की सरकारी जमीन पाकिस्तानी सेना को देने का फैसला किया था। लेकिन लाहौर हाईकोर्ट ने अपने एक आदेश में कहा है कि सरकार के पास इसे सेना को सौंपने का संवैधानिक अधिकार नहीं है। हाईकोर्ट की एकल-न्यायाधीश पीठ ने 134 पन्नों का आदेश दिया। आदेश में कहा गया कि न तो पंजाब की कार्यवाहक सरकार के पास कॉर्पोरेट खेती के लिए भूमि आवंटित करने का संवैधानिक जनादेश है, और न ही पाकिस्तान की सेना के पास कॉर्पोरेट खेती में उतरने का अधिकार है। अपने फैसले में जस्टिस आबिद हुसैन चट्ठा ने लिखा की कॉर्पोरेट खेती के लिए सेना को आवंटित कोई भी भूमि पंजाब सरकार को वापस कर दी जाए। इसके साथ ही सशस्त्र बलों के प्रत्येक सदस्य को उसके संवैधानिक जनादेश और उसके उल्लंघन के परिणामों के बारे में बताया जाए। जज ने हाईकोर्ट के आदेश की एक कॉपी केंद्र सरकार, रक्षा मंत्रालय, सेना प्रमुख, नौसेना और वायुसेना के प्रमुखों को भेजने को कहा है। पाकिस्तान के एक टीवी चैनल के मुताबिक याचिकाकर्ता के वकील राफे आलम ने कहा है कि यह फैसला लोकतंत्र और कानून के शासन में विश्वास करने वाले लोगों के लिए एक बड़ी जीत है। इस साल पाकिस्तानी सेना के रणनीतिक परियोजनाओं के महानिदेशक ने पंजाब के राजस्व बोर्ड को पत्र लिखा था। इसमें उसने कॉर्पोरेट कृषि खेती के लिए पंजाब में 10 लाख एकड़ की सरकारी जमीन की मांग की थी। पाकिस्तानी सेना ने अपने पत्र में तेल और खाने-पीने की बढ़ती कीमतों को पाकिस्तानी अर्थव्यवस्था और उसके कृषि क्षेत्र के लिए एक गंभीर चुनौती बताया और कहा कि उसके पास बंजर भूमि को विकसित करने का अनुभव है। इस परियोजना में सेना ने 10,000 से 15,000 एकड़ सिंचाई वाली भूमि को तत्काल देने को कहा था। इसके बाद 1 मार्च तक 1 लाख एक और फिर अप्रैल तक शेष भूमि देने का प्रस्ताव रखा था।

# वर्षों तक संबंधों को मजबूत करने के बाद अमेरिका-भारत साझेदारी गहरी हुई: जिल बाइडन

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** अमेरिका की प्रथम महिला जिल बाइडन ने कहा कि वर्षों तक संबंधों को मजबूत करने के बाद अमेरिका-भारत साझेदारी गहरी तथा व्यापक हुई है क्योंकि दोनों देश संयुक्त रूप से वैश्विक चुनौतियों से निपटते हैं। जिल बाइडन ने बुधवार को कहा, ''इस आधिकारिक राजकीय यात्रा के साथ हम दुनिया के सबसे पुराने और दुनिया के सबसे बड़े लोकतंत्रों को एक साथ ला रहे हैं।'' राष्ट्रपति बाइडन और प्रथम महिला के निमंत्रण पर प्रधानमंत्री मोदी 21-24 जून तक अमेरिका की यात्रा पर हैं। जिल बाइडन ने कहा ''वर्षों संबंधों को मजबूत करने के बाद अमेरिका-भारत साझेदारी गहरी और व्यापक हुई है क्योंकि हम संयुक्त रूप से वैश्विक चुनौतियों से निपटते हैं, लेकिन हमारा रिश्ता केवल सरकारों तक सीमित नहीं है।''

उन्होंने रात्रिभोज के 'मेन्यू' का पूर्वावलोकन करते हुए कहा, '' हम उन परिवारों तथा दोस्ती का जश्न मना रहे हैं जो दुनिया भर में बसे हैं और जो दोनों देशों के बीच संबंधों को महसूस करते हैं।'' प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के लिए व्हाइट हाउस में आयोजित रात्रिभोज में आमंत्रित 400 मेहमानों के लिए 'मेन्यू' में मैरीनेट किया हुआ बाजरा, मकई का सलाद और भरवां मशरूम शामिल हैं। जिल बाइडन ने बताया प्रधानमंत्री मोदी शाकाहारी हैं, इसलिए उन्होंने शाकाहारी व्यंजनों में माहिर शेफ नीना कर्टिस को व्हाइट हाउस के कर्मचारियों के साथ काम करने और एक शानदार शाकाहारी 'मेन्य' तैयार करने के लिए कहा है। उन्होंने कहा कि हालांकि मेहमानों के लिए



भोजन में मछली का विकल्प भी रखा गया है। प्रथम महिला ने कहा, '' कल रात मेहमान साउथ लॉन में आएंगे, जहां हर मेज पर हरे और केसरिया रंग के फूल लगाए जाएंगे, जो भारत के झंडे के रंग हैं। '' उन्होंने कहा, '' हर शानदार और विशिष्ट इंतजाम होंगे। हमें उम्मीद है कि अतिथि भी यह महसूस कर पाएंगे कि मेज खास उन्हीं के लिए सजाई गई है। रात्रिभोज के बाद ग्रैमी पुरस्कार विजेता जोशुआ बेल प्रस्तुति देंगे। '' जिल बाइडन ने कहा कि उनकी प्रस्तुति के बाद पेनसिलवेनिया विश्वविद्यालय का समूह 'पेन मसाला' भारतीय संगीत से प्रेरित गीतों पर प्रस्तुति देगा।

राजकीय रात्रिभोज में पहले नाश्ते के रूप में मैरीनेटेड बाजरा, ग्रिल्ड मकई के दाने का सलाद, तरबूज और एक तीखा एवोकैडो सॉस परोसा जाएगा। मुख्य भोजन में भरवां पोर्टोबेलो मशरूम और एक मलाईदार केसर-युक्त रिसोट्टो शामिल है। मीठे में गुलाब और इलायची वाले स्ट्रॉबेरी शॉर्टकेक और अन्य व्यंजन शामिल हैं। कैलिफोर्निया की शेफ कर्टिस ने कहा, ''प्रथम महिला के साथ काम करना और उनकी पाक कला को समझना व उसके अनुरूप व्यंजन तैयार करना वास्तव में खुशी की बात है... हमने एक ऐसा 'मेन्यू' तैयार किया है जो वास्तव में अमेरिकी व्यंजनों का दर्शाता है, जिसमें भारतीय स्वाग का तड़का लगाया गया है।'' शेफ ने कहा, '' हम इस बात को लेकर उत्साहित हैं कि भारत अंतरराष्ट्रीय मोटा अनाज वर्ष मनाने के प्रयासों का नेतृत्व कर रहा है। हमने अपने 'मेन्यू' में मैरीनेटेड बाजरा और भारतीय व्यंजन से जुड़े तत्वों को शामिल किया है।

# इंद्र देव का आशीर्वादः राष्ट्रगान का सम्मान, वाशिंगटन में बारिश में खड़े रहे प्रधानमंत्री मोदी

**वाशिंगटन (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गुरुवार सुबह वाशिंगटन डीसी पहुंचे। उन्हें हवाई अड्डे के टैक्सीवे में राष्ट्रगान के लिए खड़े होकर बारिश का सामना करते हुए देखा गया। वाशिंगटन डीसी पहुंचने पर पीएम मोदी ने बारिश को %इंद्र देवता की कृपा% बताया। उन्होंने ट्विटर पर लिखा कि भारतीय समुदाय की गर्मजोशी और इंद्र देवता के आशीर्वाद ने आगमन को और भी खास बना दिया।

हवाई अड्डे पर पीएम मोदी पहुंचे जो जोरदार बारिश होने लगी। इस दौरान पीएम का औपचारिक स्वागत किया जा रहा था। दोनों देशों के राष्ट्रगान भी बजाए गए। राष्ट्रगान जब बज रहा था, तो जोरदार बारिश हो रही थी। राष्ट्रगान के सम्मान में एयरपोर्ट पर मौजूद सभी लोग सावधान की मुद्रा में खड़े रहे। इस दौरान पीएम मोदी भी वहीं खड़े होकर रहे। बारिश में मोदी भीगते रहे। लेकिन राष्ट्रगान के सम्मान में वो खड़े रहे।

राष्ट्रपति बाइडेन और प्रथम महिला जिल बाइडेन ने व्हाइट हाउस में प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत किया। अंदर जाने से पहले उन्होंने तस्वीरें खिंचवाईं। इस दौरान वे बातचीत करते भी दिखे। प्रधानमंत्री मोदी ने राष्ट्रपति बाइडन के परिवार के करीबी सदस्यों से भी मुलाकात की। विदेश मंत्रालय ने निजी रात्रिभोज पर एक संक्षिप्त बयान में कहा कि प्रधानमंत्री का इस विशेष कार्यक्रम का हिस्सा होना दोनों देशों के बीच मधुर मित्रता की पुष्टि करता है।



# क्या एक प्रधान आरक्षक के बहकावे में जुआ पकड़ना पुलिस को पड़ा भारी?

- » जिन पर पुलिस ने की कार्यवाही उनके समर्थन में पहुंचे कई लोग...कहा शहर के बीचो बीच चल रहा जुआ वहां क्यों नहीं पहुंचती पुलिस?
- » आक्रोशित लोगों की भीड़ ने एक प्रधान आरक्षक को बताया शहर के बीचो-बीच जुआ खिलवाने वाले रसूखदार का एजेंट
- » जिला मुख्यालय के मुख्य मार्ग पर जुआ खेलते पकड़े गए लोग, मामले में दर्ज किया गया जमानती अपराध
- » शासन के निर्देशानुसार जुआ खेलते पकड़े जाने पर दर्ज किया जाना है गैर जमानती अपराध
- » जुआ खेलते पकड़े गए लोगों में राजनीति से भी जुड़े लोगों के शामिल होने की सूचना
- » जुआ पकड़ने पहुंची पुलिस टीम में शामिल पुलिसकर्मी अब जुआ खेलते पकड़े गए लोगों को ही दे रहे सफाई:सूत्र
- » शामिल पुलिसकर्मी एक दूसरे पर छापा मारने का जुआ खेलने वालों के सामने ले रहे नाम
- » क्या मामला आईजी सरगुजा तक न पहुंचे इस प्रयास में पुलिसकर्मी बचने का कर रहे प्रयास?
- » जुआ खेलते पकड़े गए राजनीति से जुड़े लोगों के सामने पुलिसकर्मी अलग-अलग जाकर दे रहे सफाई,एक दूसरे पर लगा रहे आरोप
- » जुआ खेलने की सूचना पर एक राय होकर ही पहुंचे थे सभी पुलिसकर्मी फिर जुआ खेलने वालों को क्यों दे रहे सफाई?



-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,22 जून 2023
(घटती-घटना)। स्वस्थ व निष्पक्ष मानसिकता के साथ काम ना करना अपने ही गले की फांस बन जाती है, कुछ ऐसा ही देखने व सुनने का मामला सामने आया है जब पुलिसकर्मी को अपने ही किए गए कार्यवाही पर शर्मिंदा होना पड़ा है, मामला कुछ इस प्रकार है शहर के मुख्य मार्ग पर पुलिस ने दबिश दी और 6 लोगों को जुआ खेलते पकड़ने का दावा किया गया, जिन्हें पकड़ा गया उनका कहना था कि हम जुआ वहां खेल ही नहीं रहे थे, पुलिस ने जबरदस्ती कार्यवाही की है, जिसे लेकर सारे लोग थाने पहुंच गए और बैकुंठपुर थाने में घंटो हो हल्ला शुरू रहा, जहां पर भीड़ ने पुलिस को कहा कि जहां पर दूर-दूर से आकर शहर के बीचो बीच अन्तर्राज्यीय जुआ हो रहा है वहां पर पुलिस क्यों नहीं कार्यवाही करती? क्या पुलिस को नहीं पता है या फिर हम बताएं क्या पुलिस कार्यवाही करेगी? यहां तक कि एक प्रधान आरक्षक को वहां का एजेंट भी बता दिया गया, उस भीड़ ने पुलिस को उनकी कार्यवाही के लिए ही गलत ठहरा दिया जिसके बाद मान मन्नौवल होने के बाद पुलिस भी बैकफुट पर आई और गैर जमानती धारा के बजाए जमानती धारा के तहत मामला पंजीबद्ध किया गया।

सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार मामला 17 जून शनिवार का है जिला मुख्यालय के मुख्यमार्ग से जुड़े किसी जगह पर पुलिस के स्पेशल कॉप टीम को पता चलता है की कुछ राजनीति से जुड़े लोग जुआ खेल रहें हैं और सभी प्रभावशाली लोग हैं और वह जुआ खेलते पकड़े जा सकते हैं। पुलिस स्पेशल कॉप कोरिया के पुलिसकर्मी सूचना मिलते ही एक राय होते हैं और वह उस जगह जा पहुंचते हैं जहां जुआ खेला जा रहा था और वहां पहुंचकर उन्हें जुआ खेले जाने की खबर सच मालूम पड़ती है और कुछ लोग पकड़ भी लिए जाते हैं। पुलिस स्पेशल कॉप बैकुंठपुर की टीम उन लोगों से ताश के पत्ते सहित राशि भी बरामद करती है और उन पर विधि अनुसार कार्यवाही भी करती है। पुलिस सभी जुआ खेलते पकड़े गए लोगों को थाने ले जाकर प्रकरण दर्ज करती है और फिर मुचलका लेकर उन्हे जमानत देकर छोड़ देती है। पर वही पकड़े गए लोगो का कहना था की वह लीडो खेल रहे थे मनोंरजन के लिए पर पुलिस जुआ की कार्यवाही कर रही है। जेब के पैसे को जुआ का पैसा बतया और मोबाईल भी जप्त कर ली।

### जब कार्यवाही सही है तो फिर बारी-बारी से प्रधान आरक्षक क्यों दे रहा है सफाई?

सूत्रों के हवाले से आ रही खबर के मुताबिक मामले में सबसे मुख्य बात जो विशेष भी है वह यह है की पुलिस जुआ खेलते पकड़े जाने पर गैर जमानती धारा लगाने की बजाए जमानती अपराध दर्ज करती है और मुचलका लेकर सभी को छोड़ देती है क्योंकि मामला राजनीतिक लोगों से जुड़ा हुआ होता है। इस मामले में एक बात और सामने आ रही है और वह यह है अब जब पुलिस कार्यवाही कर भी चुकी जिसका पूरा श्रेय स्पेशल कॉप कोरिया पुलिस को जाता है, जिसमे जिले के खासकर बैकुंठपुर में ही निवासी पुलिसकर्मी शामिल हैं जिन्हे जिला मुख्यालय की हर गतिविधियों की जानकारी होती है और वह तत्परता से हर जगह पहुंच भी जाते हैं और कार्यवाही भी करते हैं, अब जुआ खेलते पकड़े गए लोगों के पास जाकर सफाई दे रहें है और वह अलग अलग जाकर सफाई दे रहें हैं और पूरी कार्यवाही को एक दूसरे पर डालने का प्रयास कर रहें हैं और पूरी रणनीति किसने बनाई छापे की इसको लेकर वह एक दूसरे पर ही आरोप लगा रहें हैं। ऐसा वह इसलिए कर रहें हैं क्योंकि वह स्थानीय निवासी हैं और जुआ खेलने वाले भी चूंकि स्थानीय निवासी हैं और वह राजनीति से जुड़े लोग हैं इसलिए वह अपनी अपनी सफाई अलग अलग जाकर दे रहें हैं। वैसे जो स्पेशल कॉप कोरिया पुलिस की टीम है उसको लेकर जो जानकारी सामने आई है उसके अनुसार यह ऐसी टीम है जो एकसाथ ही रहती भी है और हर कार्यवाही में सभी एकराय होकर शामिल भी होते हैं।

### क्या राजनीतिक प्रभाव में लगाना पड़ा जमानती धारा?

पूरे मामले में सबसे बड़ी बात यह है की शासन ने जुआ पकड़े जाने पर गैर जमानती धाराओं के तहत मामला पंजीबद्ध करने निर्देश जारी किया हुआ है और इस मामले में ऐसा नहीं हुआ वहीं स्पेशल कॉप को अब आईजी से मामले की शिकायत का भय भी सता रहा है और वह इसलिए परेशान भी बताए जा रहे हैं। पुलिस को जमानती धाराओं में कार्रवाई करने के लिए घंटों धारा खोजना पड़ा तब जाकर जमानती धारा के तहत कार्यवाही हुई ऐसा सूत्रों का कहना है।

### भीड़ ने पुलिस के कार्यवाही पर उठाए सवाल

जुआ मामले में कार्यवाही के बाद उपस्थित भीड़ ने पुलिसकर्मियों की मंशा पर सवाल उठाए और लोगों ने यहां तक कह दिया की शहर में बीचों बीच जारी जुआ फड़ जहां अलग अलग राज्यों से भी लोग जुआ खेलने आ रहें हैं और बकायदा उन्हे सुरक्षा भी मुहैया कराई जा रही है जिसकी जानकारी बच्चे बच्चे को शहर के है वहां पुलिस कार्यवाही क्यों नहीं करती? लोगों ने पुलिस की पूरी कार्यवाही पर सवाल उठाते हुए यह भी कहा की यदि पुलिस निष्पक्ष है तो बड़े जुआ फड़ पर जहां पैसा लेकर जुआ व्यवसाय के रूप में खिलवाया जा रहा है वहां पुलिस कार्यवाही करे तब पुलिस निष्पक्ष साबित होगी।

### भीड़ ने कहा एक प्रधान आरक्षक है अन्तर्राज्यीय जुआ खिलवाने वाले रसूखदार का एजेंट

वहीं भीड़ में उपस्थित लोगों ने एक प्रधान आरक्षक को जुआ फड़ संचालित करने वाले एक रसूखदार का एजेंट भी बताया। वैसे जिस प्रधान आरक्षक पर यह आरोप भीड़ ने लगाया उसके ऊपर पहले भी इसी तरह के आरोप लगते रहें हैं और एक बार तो एक ऑडियो भी जारी हुआ था और जिसमे जांच हुई की नहीं यह पुलिस विभाग ही बता सकता है।

### क्या पुलिस को नहीं पता है कि कहां चलता है अन्तर्राज्यीय जुआ फड़?

बैकुंठपुर में अन्तर्राज्यीय जुआ फड़ कहां संचालित है क्या पुलिस को इस बात की जानकारी नहीं है यह भी भीड़ ने सवाल पुलिस पर उठाए और कुछ ने यह भी कहा की यदि पुलिस को नहीं पता है तो किसी बच्चे से भी पूछ लें वह बता देगा। वैसे यह बात भी सही है की जिला मुख्यालय में ही पुलिस पर सवाल लोग उठाते रहे और अब वही पुलिसकर्मी जो कार्यवाही जुआ मामले में करने पहुंचे थे अपनी सफाई जुआ खेलते पकड़े गए लोगों को देने पहुंच रहें हैं।

# पूर्व मंत्री भईया लाल ने केंद्रीय ग्रामीण विकास मंत्री को सौंपा 27 सूत्री मांग पत्र



-संवाददाता-
कोरिया 22 जून 2023
(घटती-घटना)। भारत सरकार के ग्रामीण विकास तथा पंचायत राज केंद्रीय मंत्री गिरीराज सिंह का दो दिवसीय दौरा नवीन जिले एमसीबी में हुआ जहां पर उन्होंने कई कार्यक्रमों में शिरकत की साथ ही अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जिला स्तरीय कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भी रहे। इस दौरान पूर्व कैबिनेट मंत्री भईया लाल राजवाड़े ने उनसे मुलाकात की और अपने क्षेत्र के लिए 27 मांगों का पत्र सौंपा और उनसे आग्रह किया कि इन मांगों की स्वीकृति व प्रदान करें ताकि इसका लाभ क्षेत्रवासियों को मिल सके, पूर्व कैबिनेट मंत्री ने मांग किया कि ग्राम आनी 12 नम्बर चौक से चिटकारी पारा खाड़ा 3 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम पुटा - ग्राम पंचायत भवन पुटा से अंगा पंचायत होते हुये मुरमा चौक पहुंच मार्ग, ग्राम अंगा- रमाशंकर साहू के घर से ग्राम अंगा पंचायत भवन होते हुये पटेल पारा तक 2 कि.मी. पहुंच मार्ग। ग्राम मुरमा पीएमजीएसवई से फरीकापानी होते हुये बेसरझरीया रतन सिंह के घर तक 5 कि.मी. पहुंच मार्ग। ग्राम मुरमा कृष्णा सिंह के घर से लेकर महुआपारा होते हुए मुरमा जलासय मेड तक 4 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम पिपरा में पीएमजीएसवाई रोड से शिवप्रसाद रवि के घर तक पहुंच मार्ग, ग्राम जगतपुर लोहारी सीमा से जगतपुर नहेराडाड 3 कि.मी. कोरिया लाईन पहुंच मार्ग, ग्राम जमड़ी रनई पहुंच मार्ग से गिरजापुर 3 कि.गी. सड़क मार्ग, पोस्ट आफिस गिरजापुर से रनई पहुंच मार्ग 3 कि.मी. सड़क मार्ग, ग्राम टेमरी माखन ठेला से लेकर टेंगनी खुटनपारा तक 2 कि.मी. पहुंच मार्ग, बिलारी जयकुमार घर से विशुन सिंह घर तक 5 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम करहिया खाड़ कुशवाहा पारा से सांवापारा 3 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम दुधनिया कला दिनेश किराना दुकान चौक से थापाथर संतोषी मंदिर तक 4 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम उरुमदुगा लल्ला कुर्रे घर से शंकर सिंह घर तक 2 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम आनी बड़े आनी से खान बचाव केन्द्र रामपुर तक कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम पंचायत टेडमा से ग्राम पंचायत बैमा सड़क पारा तक 5 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम पंचायत बैमा से बेलघुटरी पारा होते हुये तोलमा पहुंच मार्ग 8 कि.मी पहुंच मार्ग, ग्राम छोटे साल्ही से बड़े साल्ही तक पहुंच मार्ग 10 कि.मी. पहुंच मार्ग, 19. ग्राम चेरवापारा से झरझा वरती तक 3 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम बंजारीडांड मैन रोड से पहाड़ पारा तक 4 कि.मी. पुलिया सहित पहुंच मार्ग, ग्राम बंजारीडांड के बेनरापारा से खरहरी बाडी तक 5 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम अमरपुर मेनरोड से पोटेडांड पहुंच मार्ग लगभग 5 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम गदबदी अटल चौक से मदनपुर पहुंच मार्ग 3 कि.मी. पहुंच मार्ग, ग्राम विशुनपुर घना घर से बांधपारा तक 3 कि.मी. पहुंच मार्ग 25. ग्राम सलवा से सरईगहना पहुंच मार्ग 5 कि.मी. पहुंच मार्ग। ग्राम अमरपुर से कैंसर रोड़ होते हुए मनसुख मैन रोड़ तक 3 कि.मी. पहुंच मार्ग। ग्राम देवानी बांध से धर्मपुर होते हुये पीएमजीएसवाई रोड़ चिल्का तक 5 कि.मी. पहुंच मार्ग की मांग करते हुए स्वीकृति प्रदान करने का आग्रह किया गया है।



# भाजयुमो कोरिया के युवाओं ने मुख्यमंत्री के निवास का घेराव को सफल बनाने में दिया योगदान

-रवि सिंह-
बैकुंठपुर, 22 जून 2023
(घटती-घटना)। भाजयुमो कोरिया जिला अध्यक्ष हितेश के नेतृत्व में भाजयुमो कोरिया के युवाओं किया मुख्यमंत्री भूपेश के निवास का घेराव कार्यक्रम रहा सफल,हितेश प्रताप ने जानकारी देते हुए बताया कि 350 से ज्यादा की संख्या में कोरिया जिले से भाजयुमो के युवा हुए शामिल, भाजुमो जिलाध्यक्ष हितेश प्रताप, महामंत्री कुनाल भी हुए थे राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजश्वी सूर्या भाजयुमो और प्रदेश अध्यक्ष रवि भगत के साथ गिरफ्तार काफी गहमा गहमी में चला आंदोलन, आपको बता दें कि कुछ दिनों पहले हुए छत्तीसगढ़ पीएससी के फर्जी वाड़े मामले को लेकर बड़ा विरोध युवाओं में दिखा, युवा मोर्चा कोरिया जिले से काफी संख्या में युवा हुए शामिल जिसमें जिला से प्रमुख रुप से भाजयुमो जिला उपाध्यक्ष कमलेश साहू, सच्चिदान, उमा शंकर बंटी, कुणाल जयसवाल, मंत्री रमेश तिवारी, अंजय तिवाडरी, पीयूष गुप्ता, दिनेश यादव, चंदन रजवाड़े एवम मंडल अध्यक्ष आशीष यादव, सुरेश रजवाड़े, अनिल रजवाड़े, परमेंद्र सिंह, श्री राम दुबे, पारश रजवाड़े प्रमुख रुप से कोरिया का नेतृव किया हितेश प्रताप ने कहा की भ्रष्टाचारी कांग्रेस की सरकार को छत्तीसगढ़ में बदलना अत्यंत महत्वपूर्ण है और युवा इस फर्जी कांग्रेस सरकार को छत्तीसगढ़ में युवाओं के दम पर बदलेगी युवाओं में काफी है आक्रोश।

# क्या चुनाव से पहले सरकार को झुकाने की कवायद शुरू?

## कर्मचारी संगठनों सहित कई संगठन हड़ताल आंदोलन के जरिए सरकार को झुकाने का कर रहे प्रयास







-रवि सिंह-
बैकुंठपुर,/एमसीबी,22 जून 2023
(घटती-घटना)। चुनाव से 6 महीने पहले किसी भी सरकार से अपनी बात मनवाने का समय सही समय माना जाता है, कहा जाता है कि शासनकाल के अंतिम 6 महीने में सरकार को झुकाने के लिए यही समय उचित होता है, क्योंकि इस समय सरकार को इसलिए झुकाया जा सकता है क्योंकि किसी दल जिसकी सरकार वर्तमान में है उसे दुबारा सरकार में आने की ईक्षा होती है और इसके लिए वह कुछ भी करने को तैयार होते है चाहे वह उचित हो या फिर अनुचित यही कारण होता है कि अंतिम के 6 महीना सरकार से अपनी बातें मनवाने के लिए कर्मचारी संगठनों सहित अन्य संगठन हावी हो जाते हैं और सरकार को झुकाने का प्रयास किया जाता है, कुछ ऐसा ही इस समय छत्तीसगढ़ में देखने को मिल रहा है अलग-अलग संघ के लोग सरकार पर अब अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने लगे हैं दबाव को लेकर हड़ताल व आंदोलनरत भी दिख रहे हैं उन्हें लग रहा है कि सरकार वोट बैंक की राजनीति में उनका कुछ भला कर जाएगी पर सरकार क्या भला करेगी यह तो आने वाला समय बताएगा फिलहाल सरकार को झुकाने के लिए संगठन आंदोलनरत दिख रहें हैं।

### कई कर्मचारी संघ कर चुके आंदोलन धरना प्रदर्शन

कर्मचारी संघों सहित अन्य सभी संघ चुनाव के समय नजदीक आते ही काफी सक्रिय नजर आ रहे हैं और प्रदेश में कर्मचारी संघों की कई हड़ताल हो भी रही है कुछ को सरकार ने कुचल भी दिया है। ग्राम पंचायत सचिव संघ,पटवारी संघ,सहकारी समिति कर्मचारी संघों ने हाल में ही आंदोलन किया और अपनी मांग पूरा करने सरकार पर दबाव डाला लेकिन सरकार ने इन आंदोलनों को कुचल दिया और अब सभी वापस काम पर लौट चुके हैं वहीं स्वास्थ्य कर्मचारी संघ फिलहाल हड़ताल पर है और देखना है की उनकी मांग पूरी होती है या उनके भी आंदोलन को सरकार कुचलने में कामयाब हो जाती है।

### कर्मचारी संघों सहित अन्य संघों की सरकार को दो टूक

वैसे तो यह पहले भी देखा गया है जब किसी सरकार के कार्यकाल का पांचवा साल होता है और कुछ महीने शेष होते हैं तो कर्मचारी संघ साथ ही अन्य संघ अपनी मांगों को मनवाने सरकार पर हड़ताल कर दबाव डालते हैं,उनकी सरकार को दो टूक चेतावनी भी रहती है की उनका मत सरके के पक्ष में तभी जायेगा जब उनकी मांगे पूरी होंगी,इस बार भी संघों की मांग यही है साथ ही उनकी चेतावनी भी सरकार को वही है उनकी मांगे पूरी करे सरकार और तभी उनका मत सरकार के पक्ष में जायेगा।

### लोकतंत्र में दवाब समूह के रूप में जाने जाते हैं कर्मचारी संघ और अन्य संघ

लोकतांत्रिक व्यवस्था में यह सभी संघ दबाव समूह के रूप में जाने जाते हैं,और यह सरकार पर दबाव डालकर अपनी मांग मनवाने प्रयासरत रहते हैं। दबाव समूह सरकार पर कब कब दबाव डालना है और किस तरह अपनी मांग मनवानी है वह इस प्रयास में जुटे रहते हैं। सरकार कई बार दबाव में आती है और कई बार वह दबाव समूह के सामने झुकने का बिलकुल भी प्रयास नहीं करती,लेकिन दबाव समूह लगातार अपना अभियान जारी रखता है और कभी कभी सफलता भी पा जाता है।

### क्या इस बार दबाव समूह होगा सफल,क्या सरकार मानेगी उनकी बात

दबाव समूह लगातार अपनी मांगों के साथ सरकार पर दबाव डाल रहा है वहीं सरकार अभी तक दबाव समूह के सामने बिल्कुल भी नहीं झुकी है बशर्ते वह दबाव समूह पर ही हावी होती आई है। अब देखना है की चुनाव का समय समीप आते आते क्या सरकार दबाव समूह के सामने झुकती है या फिर वह अडिग रहकर दबाव समूह के दबाव को बेअसर करती है।


# क्या भारतीयों में योग विद्या को प्रदर्शन की चीज बनाकर प्रस्तुत करना...महान धरोहर का अपमान तो नहीं?

## योगा नित्य दिन करने वाली प्रक्रिया,फिर भी एक दिवस विशेष में कार्यक्रम आयोजित कर शासकीय पैसे का दुरुपयोग करना कहां तक उचित है?

- » क्या अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के आड़ में पैसे का हो रहा दुरुपयोग?
- » योग दिवस पर खर्च करने वाली क्या मजबूरी है,जिसमें जमकर शासकीय राशि का दुरुपयोग किया जाता है ?
- » स्वस्थ जीवन के अभिन्न अंग योग का प्रदर्शन मात्र कितना उचित

-रवि सिंह-
बैकुण्ठपुर,22 जून 2023
(घटती-घटना)। भारतीय संस्कृति और भारतीय जीवन दर्शन में योग तथा प्राणायाम का अत्यंत महत्व है। अति प्राचीन काल से ही योग के द्वारा निरोग रहने की प्रक्रिया आज आधुनिक काल तक निरंतर चलती आ रही है। यह बात दीगर है कि 2014 के पूर्व योग तथा प्राणायाम का क्षेत्र संकुचित हो चुका था, परंतु बाबा रामदेव एवं उनके द्वारा स्थापित पतंजलि योगपीठ के क्रियाकलापों के कारण आज भारतीय योग विद्या पूरे विश्व में अपना परचम लहरा रही हैं। और इसी तत्वाधान में संपूर्ण विश्व में 21 जून को योग दिवस के रूप में विगत कई वर्षों से निरंतर मनाया जा रहा है। यह भारतीय विद्या को दिया गया एक वैश्विक सम्मान है, जिसने योग और प्राणायाम को द्वार द्वार तक पहुंचाने में अहम भूमिका अदा की है। और यह सब भारतीय योग गुरु के अथक परिश्रम का परिणाम है।

यह भी माना जाता है कि योग के द्वारा किसी भी प्रकार के शारीरिक व्याधि को प्रारंभिक स्तर से समाप्त किया जा सकता है। निरंतर योग निरोग रहने का एकमात्र उपाय माना जाता है। परंतु वर्तमान में 21 जून को योग दिवस के दिन इसे एक प्रोपेगेंडा के रूप में विभिन्न स्थानों पर शासकीय आयोजन कर क्या प्रदर्शित करने का प्रयास किया जाता है, यह समझ से परे है। ऐसे आयोजनों में जहां एक ओर शासकीय राशि का दुरुपयोग तो होता ही है, साथ ही ऐसे आयोजन केवल एक दिवसीय आयोजन बनकर रह जाते हैं,




जिसका कोई लाभ परिलक्षित नहीं होता। जबकि योग नित्य दिन करने वाली प्रक्रिया है। और इसका लाभ भी तभी संभव है जब इसे नित्य प्रतिदिन अनवरत किया जाए। परंतु सोशल मीडिया, वेब मीडिया, प्रिंट मीडिया में अपनी उपस्थिति दर्ज कराने के चक्कर में इसे केवल एक प्रोपेगेंडा के तहत आयोजन करना कितना उचित है? योग एक ऐसी प्रक्रिया है जिस पर किसी प्रकार की कोई लागत नहीं आती। ढीले ढाले कपड़ों में साधारण कपड़े या चटाई बिछाकर की जाने वाली इस प्रक्रिया पर योग दिवस मनाने के चक्कर में शासकीय राशि का दुरुपयोग समझ से परे है। एक ओर जहां वैश्विक समुदाय भारतीय योग विद्या से निरोग रहने की प्रणाली को अपनाने के लिए आतुर है और जिसका व्यापक प्रभाव देखा भी जा सकता है। वहीं भारतीयों में योग विद्या को प्रदर्शन की चीज बनाकर प्रस्तुत करना इस महान धरोहर की अपमान करने वाली बात जैसी है। योग दिवस के नाम पर जो कि वर्ष में प्रत्येक दिन स्वेच्छा से स्वयं के हित के लिए होना चाहिए, विभिन्न आयोजन जो पंचायत, ब्लॉक, जिले स्तर पर होते हैं, के लिए शासकीय राशि का बंदरबांट हास्यास्पद लगता है। और सबसे बड़ी बात की योग दिवस के दिन 1 दिन योगाभ्यास का विभिन्न माध्यमों से प्रदर्शन करके लोग क्या साबित करना चाहते हैं? जबकि हर व्यक्ति इस बात से भिज्ञ है कि योग का लाभ सभी है जब इसे निरंतर जहां तक संभव हो बिना नागा किए प्रतिदिन किया जाए।

### नेता मंत्री विधायक और अधिकारी योग दिवस के दिन सिर्फ सक्रिय होते हैं?

विश्व योग दिवस 21 जून को मनाया जाता है और इस दिन शासकीय आयोजन भी होते हैं और जिसे काफी उत्साह के साथ आयोजित किया जाता है, उत्साह योग का लाभ मिले और इसका प्रचार प्रसार हो इसको लेकर कम बशर्ते शासकीय राशि का जमकर दुरुपयोग करने के लिए किया जाता है यह कहना गलत नहीं होगा। शासकीय आयोजनों में योग जो की बिना लागत की विधा है उसे लागत वाली विधा बना दिया जाता है और बड़े बड़े लोगों को आमंत्रित कर आयोजन पर लाखों खर्च किया जाता है। नेता मंत्री विधायक और अधिकारी योग दिवस के दिन काफी सक्रिय हो जाते हैं और इस दिन योग करने के लिए सार्वजनिक आयोजन किया जाता है, जहां जितने बड़े स्तर के नेता और अधिकारी उपस्थित होते हैं वहां उतना ही ज्यादा खर्च किया जाता है।

### योग के नाम पर खातिरदारी

टेंट पंडाल लगाए जाते हैं नेता मंत्री और अधिकारियों के लिए गद्दे और कालीन बिछाए जाते हैं वहीं आम लोगों के लिए आयोजन में भी टाटपट्टी या दरी ही बिछाई जाति है और बड़े लोगों के लिए कालीन और टेंट पंडाल सहित गद्दों की व्यवस्था के नाम पर लाखों खर्च कर दिया जाता है। योग जीवन के लिए खासकर स्वस्थ जीवन के लिए एक महत्वपूर्ण क्रिया है और जो बिल्कुल शून्य लागत की क्रिया है उसे लागत का बनाकर शासकीय राशि का दुरुपयोग आखिर क्यों। आज भारत का योग विश्व में अपनी पहचान बना चुका है और पूरा विश्व यह मान चुका है की निरोग रहने साथ ही लंबी आयु के लिए योग करना ही एकमात्र उपाय है जो निशुल्क है,लेकिन योग विधा जो भारतीय विधा है उसे भारत में ही खर्चीला विधा बना दिया गया है।


# अस्पताल से चिकित्सकों के नदारद रहने से स्थानीय और बाहर से आने वाले रोगियों को करना पड़ रहा है भारी परेशानियों का सामना

## अस्पताल के स्टाफ की गैरजिम्मेदाराना रवैया के कारण मरीज सहित परिवार के सदस्यों को करना पड़ता है परेशानियों का सामना

» प. स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी में प्रतिदिन सैकड़ों से अधिक की संख्या में आते हैं इलाज के लिए मरीज

» भीषण गर्मी में चिकित्सकों का इंतजार कर बिना ईलाज के घर लौट जाते हैं मरीज



-राजेन्द्र शर्मा-
खड़गंवा 22 जून 2023

**(घटती-घटना)।** उप स्वास्थ्य केंद्र पोड़ी में प्रतिदिन सैकड़ों से अधिक रोगी इलाज के लिए आते है। लेकिन स्वास्थ्य विभाग के जिम्मेदारों की लापरवाही इस कदर हावी है पिछले कुछ माह से अस्पताल से चिकित्सकों के नदारद रहने से स्थानीय और बाहर से आने वाले रोगियों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। एक तो भीषण गर्मी के कारण कई तरह के रोगी इलाज कराने का इंतजार कर लौट जाते हैं। और मजबूरन झोलाछाप डॉक्टरों की शरण में जाकर इलाज कराना पड रहा है। अवकाश पर रहने वाले चिकित्सकों की सूचना उनके कक्ष के पटल पर नहीं दर्शाई जाती है जिस के कारण दूरदराज से आने वाले कई रोगी पंजीकरण के बाद दोपहर तक चिकित्सक के आने के इंतजार में बैठे रहते हैं।

पोड़ी उप स्वास्थ्य केंद्र में तीन चिकित्सको में एक महिला एमबीबीएस चिकित्सक भी उपलब्ध है और दर्जनों नर्स कार्यरत हैं लेकिन अस्पताल के स्टाफ की गैरजिम्मेदाराना रवैया के कारण मरीज सहित परिवार के सदस्यों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है प्रसुता विभाग में बुधवार सुबह एक भी चिकित्सक नहीं थे अस्पताल में पाया गया कि उप स्वास्थ्य केन्द्र पोड़ी में चिकित्सकों की सभी सीटें खाली इनके कक्ष के बाहर बैठे रोगी चिकित्सकों का इंतजार कर रहे थे वहीं ग्राम पंचायत पोड़ी के बैरडांड से एक गर्भवती महिला को लेकर परिवार जन सुबह 8 बजे पोड़ी उप स्वास्थ केन्द्र पहुंचे थे जहां अस्पताल परिसर में नहीं कोई नर्स नहीं कोई डाक्टर मौजूद था महिला दर्द से कराहती रही है उक्त महिला को अस्पताल में बेड तक नसीब नहीं हुआ महिला बेंच पर लेटी तड़पती रही एक घंटे बाद ड्यूटी पर नर्स पहुंची जहां नर्स ने उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया इस दौरान परिवार जनों के द्वारा डाक्टर को फोन किया गया लेकिन डाक्टर अस्पताल में इलाज के लिए आई महिला को देखना मुनासिब नहीं समझें और उन्होंने कहा नर्स को फोन कर दिया हूं वो देख लेंगी कहकर अपना पल्ला झाड़ लिया।

वहीं पोड़ी पुलिस सहायता केंद्र के अधिकारी भी इनके रवैए से काफी परेशान नजर आते हैं जानकारी के अनुसार बुधवार को ही दोपहर में एक शराबी को उत्पात मचाने पर पोडी चौकी प्रभारी उसे पकड़कर चौकी लाए जहां उसे मुलाहिजा के लिए अस्पताल भेजा गया जहां पर डाक्टर ने कहा कि आज मेरी डियूडी नहीं है चिरमी में पदस्थ डाक्टर की आज डियूडी है गौरतलब है कि चिरमी में पदस्थ महिला डॉक्टर से जब फोन कर जानकारी लेने पर उन्होंने फोन तक रिसीव नहीं किया गया जब ऐसे मामलों पर पोडी सहित चिरमी में भी मुलाहिजा नहीं होता है तो खड़गवां के और रुख करना पड़ता है जिसकी दूरी 25 किमी है खड़गवां पहुंचने पर भी यह कहा जाता है जब पोड़ी में डाक्टर है तो यहां क्यो चलें आते हैं। उधर छत्तीसगढ़ शासन के मुखिया छत्तीसगढ़ की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराने के लिए नित नए नए स्वास्थ्य केंद्र खोल रहे हैं की गांव की जनता को गांव में मुफ्त का बेहतर उपचार मिल सकें?

# कोरबा मेडिकल कॉलेज को आबंटित हुई 100 सीटःराजस्व मंत्री ने दी बधाई

-संवाददाता-
कोरबा 22 जून 2023



**(घटती-घटना)।** राष्ट्रीय आयुर्विज्ञान आयोग नई दिल्ली ने कोरबा मेडिकल कॉलेज के दूसरे वर्ष 2023-24 हेतु नवीनीकरण करते हुए 100 एमबीबीएस सीट की अनुमति प्रदान कर दी है। उक्त जानकारी शासकीय मेडिकल कालेज कोरबा के प्राचार्य ने राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल को दी। राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि कोरबा में शासकीय मेडिकल कालेज की स्थापना एवं संचालन समस्त कोरबा वासियों के लिए बड़े गौरव की बात है। इस मेडिकल कालेज की स्थापना के लिए हमने काफी प्रयास किया लेकिन छ.ग. प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आने पर और मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के कोरबा आगमन पर मेरी इस मांग पर मुहर लगी। जब इस कॉलेज के संचालन पर मुहर लगी तब पूरे कोरबा वासियों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए हजारों की संख्या में सभी सामाजिक संगठनों द्वारा सम्मान समारोह का आयोजन रखा गया और सभी समाज प्रमुखों ने हर्ष व्यक्त करते हुए अपनी बात रखी।

दूसरे वर्ष 100 सीटों पर अनुमति मिलने की खबर से कोरबावासी एक बार फिर से हर्षित हैं और राजस्व मंत्री जयसिंह अग्रवाल के इस सफल प्रयास से साहू समाज अध्यक्ष गिरजा साहू, यादव समाज अध्यक्ष नत्थूराम यादव, राठौर समाज अध्यक्ष संतोष राठौर, क्षत्रिय राजपूत समाज अध्यक्ष अवधेश सिंह, अग्रवाल समाज प्रमुख श्रीकांत बुधिया, प्रेम अग्रवाल, नरेश अग्रवाल, गबेल कुर्मी समाज अध्यक्ष रामकुमार वर्मा, राजवाड़े समाज की ओर से रोहित राजवाड़े, जायसवाल समाज की ओर से रामगोपाल डिक्सेना, सुरेन्द्र प्रताप जायसवाल, अनुज जायसवाल, पटेल समाज की ओर से अरुण चौधरी, सुरेश पटेल, अमन पटेल, कहरा समाज की ओर से रामकुमार, लखन कटकवार सहित अनेकों सामाजिक संगठनों ने बधाई दी हैं। श्री अग्रवाल ने प्राचार्य को भी बधाई दी है कि उन्होने एनएमसी के मेडिकल असेसमेंट एंड रेटिंग बोर्ड को पूरी औपचारिकताएं प्रदान की जिससे 2023-24 के नये बैच के लिए नवीनीकरण का कार्य पूर्ण हुआ।

# एनटीपीसी कोरबा द्वारा 9 वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का किया गया आयोजन

-संवाददाता-
कोरबा 22 जून 2023

**(घटती-घटना)।** एनटीपीसी केंद्रीय कार्यालय से दिशा-निर्देशों के अनुसार एनटीपीसी कोरबा परियोजना आवासीय परिसर में विभिन्न स्थानों पर 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन धूमधाम से किया गया। कार्यक्रम आवासीय परिसर स्थित कल्याण मंडप में आयोजित किया गया। योग प्रशिक्षक के रूप में संजय कुर्वंशी तथा सुश्री अंकिता गौतम को आमंत्रित किया गया। कार्यक्रम आरंभ से पहले परियोजना प्रमुख बी. रामचन्द्र राव तथा मैत्री महिला समिति की अध्यक्षा श्रीमती मधु राव ने आमंत्रित प्रशिक्षकों का स्वागत पुस्तक एवं शाल देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। आमंत्रित प्रशिक्षक संजय कुर्वंशी ने योग के महत्वों के बारे में वर्णन करते हुए योग के विभिन्न आसनों का अभ्यास करवाते हुए इसके लाभों से अवगत करवाया। इसी सत्र में एनटीपीसी कोरबा के परियोजना प्रमुख, बी. रामचन्द्र राव ने 9वें अंतरराष्ट्रीय योग दिवस कार्यक्रम के दौरान अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि योग, प्राचीन भारत से उत्पन्न केवल एक शारीरिक व्यायाम नहीं है बल्कि एक समग्र अभ्यास है। इसकी मदद से हम मन और आत्मा को शांति की ओर ले जा सकते हैं। योग आंतरिक शांति और व्यक्तिगत विकास का मार्ग प्रदान करता है। भारत में ऋषि-मुनि भी खुद को फीट रखने के लिए योग का सहारा लेते थे। योग के कई दूरगामी लाभ हैं। नियमित अभ्यास से शारीरिक शक्ति, लचीलापन और संतुलन में सुधार होता है। साथ ही समग्र स्वास्थ्य को भी बढ़ावा मिलता है। योग मानसिक स्पष्टता को बढ़ाता है, तनाव कम करता है और जीवन की चुनौतियों के बीच आंतरिक शांति की भावना पैदा करता है। योग ध्यान, आत्म जागरूकता और करुणा को प्रोत्साहित करता है, सकारात्मक दृष्टिकोण को बढ़ावा देता है।कार्यक्रम के दौरान ललित रंजन मोहंती, महाप्रबंधक (प्रचालन), अनूप कुमार मिश्र, महाप्रबंधक (एफ़जीडी), एस.पी. सिंह, महाप्रबंधक (एफ़एम), डॉ. लोकेश महेन्द्रा, सीएमओ, प्रभात राम, अपर महाप्रबन्धक (मानव संसाधन), विभागाध्यक्ष (मासं), यूनियन और एसोसिएशन के पदाधिकारीगण, मैत्री महिला समिति की सम्मानित पदाधिकारी एवं सदस्याओं सहित बड़ी संख्या में कर्मचारी और उनके परिजनों की उपस्थिति रही।



# भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव की पहल से चार साल बाद 23 जून से दोबारा गेवरा तक होगा पैसेंजर ट्रेनों का परिचालन

-संवाददाता-
कोरबा 22 जून 2023



**(घटती-घटना)।** भाजपा प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव इसी माह 04 जून को कोरबा जिले के प्रवास पर आये थे । अपने प्रवास के दौरान स्थानीय स्थ्रष्टरु गेस्ट हाउस में उन्होंने पत्रकार वार्ता को संबोधित किया था । पत्रकार वार्ता के दौरान कोरबा के गणमान्य पत्रकारों ने अन्य विषयों के साथ साथ भाजपा प्रदेशाध्यक्ष एवं बिलासपुर लोकसभा सांसद अरुण साव का ध्यान कोरबा में ट्रेनों की समस्या की ओर आकृष्ट किया था।कोरबा वासियों की समस्या और आवश्यकता को गंभीरता से लेते हुए अरुण साव ने रेलवे बिलासपुर के तरू और ष्ठक्रू से चर्चा की एवं उनको इस विषय पर तत्काल कार्यवाही करने हेतु आग्रह किया। बिलासपुर GM और DRM ने संज्ञान लेते हुए बिलासपुर और रायपुर से आने वाली मेमू पैसेंजर ट्रेनों के गेवरा तक परिचालन करने की विज्ञप्ति जारी कर सूचना प्रेषित की है -


निम्नलिखित 2 जोड़ी मेमू पैसेंजर गाड़ियों का विस्तार कोरबा से गेवरा रोड तक दिनांक 23/06/23 से किया जा रहा है।

1. गाड़ी संख्या 08734-33 (बिलासपुर-कोरबा-बिलासपुर) गेवरा रोड तक दिनांक 23/06/23 से ।
2. गाड़ी संख्या 08746 (रायपुर-कोरबा) मेमू सवारी गाड़ी गेवरा रोड तक दिनांक 23/06/23 एवं गाड़ी संख्या 08745 (कोरबा- रायपुर) मेमू सवारी गाड़ी गेवरा रोड से दिनांक 24/06/23 से परिचालित की जाएगी।

भाजपा जिलाध्यक्ष डॉ. राजीव सिंह ने जिलेवासियों की समस्या पर तत्काल पहल करने और समस्या का समाधान करने के लिए जिले वासियों की तरफ से भाजपा प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव का आभार प्रकट किया है।

# गोदाम में लगे भीषण आगजनी में रेस्क्यू का कार्य जारी, आग पर काबू पाने में 25 दमकल से भी ज्यादा लगा पानी

-संवाददाता-
सूरजपुर 22 जून 2023



**(घटती-घटना)।** दूसरे दिन भी ग्राम ऊंचडीह स्थित गोदाम में लगे भीषण आगजनी के मामले में रेस्क्यू का कार्य जारी है गुरुवार को क्रेन के सहारे दीवाल को तोड़ आग पर काबू पाने का प्रयास जारी है जिले के ग्राम ऊंचडीह स्थित पशु व मछलियों के चारा गोदाम में मंगलवार की आधी रात आग लग गई थी । देखते ही देखते आग ने भीषण रूप ले लिया। गोदाम मालिक की सूचना पर सूरजपुर, एसईसीएल व सरगुजा जिले की दमकल की टीमें मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का काम शुरु किया। आग बुझाने का काम दूसरे दिन भी जारी रहा, लेकिन आग ने इतना रौद्र रूप धारण कर लिया है कि 30 घंटे बाद भी रेस्क्यू का काम जारी है। अब तक 50,60 दमकल से भी ज्यादा पानी लग चुका है। आग बुझाने के दौरान करंट की चपेट में आकर एक दमकलकर्मी भी झुलस गया,था उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। वहीं आग से लाखों रुपए का पशु चारा स्वाहा होने की बात सामने आ रही है। ग्राम ऊंचडीह स्थित विराट साल्वेंट प्राइवेट लिमिटेड के गोदाम में भारी मात्रा में पशु चारा का भंडारण किया गया था। गोदाम में आग लगने की सूचना मंगलवार की रात 2 बजे बसदेई पुलिस द्वारा गोदाम मालिक अशोक अग्रवाल को दी गई। सूचना मिलते ही गोदाम मालिक व गोदाम में कारोबार संचालन करने वाले विशाल सॉल्वेंट के आशीष मित्तल वहां पहुंचे। इस दौरान गोदाम के अंदर भीषण आग लग चुकी थी। आग की सूचना मिलने पर पुलिस प्रशासन के साथ-साथ नगर सेना के जवान तथा जिले के अलावा एसईसीएल एवं सरगुजा जिले की 5 दमकल वाहन अग्निशमन दल की टीम के साथ मौके पर पहुंची। अग्निशमन दल की टीम करीब 30घंटे से आग को नियंत्रित करने मशक्कत कर रही है। 2 जेसीबी मशीनों के जरिए गोदाम की दीवार को तोडक़र आग बुझाने का प्रयास जारी है साथ ही दूसरे दिन क्रेन मंगाकर । नगर सेना के कमांडेंट एवं जिला अग्निशमन अधिकारी संजय गुप्ता एवं फायरमैन विकास शुक्ला के नेतृत्व में पूरी टीम आग पर नियंत्रण पाने की कोशिश में जुटी है। बुधवार की दोपहर कलेक्टर संजय अग्रवाल ने एसडीएम रवि सिंह व तहसीलदार वर्षा बंसल के साथ मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिय थे और आवश्यक दिशा निर्देश दिए थे गुरुवार की रात 8 बजे तक रेस्क्यू का काम जारी था।

# अनियमित विकास के नियमितीकरण योजना का लाभ उठाने कलेक्टर ने लोगों से की अपील



-संवाददाता-
कोरबा 22 जून 2023

**(घटती-घटना)।** कलेक्टर कक्ष में कलेक्टर एवं जिला नियमितीकरण प्राधिकारी संजीव कुमार झा की अध्यक्षता में नियमितीकरण प्राधिकार समिति की बैठक आयोजित हुई। उक्त बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री उदय किरण, नगर निगम आयुक्त श्री प्रभाकर पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।बैठक में कलेक्टर संजीव झा ने निवेश क्षेत्र के प्रकरणों व नियमितीकरण के नियमानुसार कार्यवाही पर विस्तृत जानकारी ली तथा आवश्यक दिशा- निर्देश दिए। उन्होंने नियमितीकरण हेतु आज प्रस्तुत 271 प्रकरणों को स्वीकृति प्रदान की। जिसमें 210 प्रकरण नगर निगम कोरबा एवं 01 प्रकरण नगर पालिका परिषद दीपका अंतर्गत शामिल है। इस हेतु कुल शास्ति राशि 2 करोड़ 46 लाख 23 हजार 731 रुपए अधिरोपित किए गए है। जिले में अब तक नियमितीकरण के 1554 प्रकरणों पर स्वीकृत प्रदान की जा चुकी है। इन सभी प्रकरणों में शास्ति के रूप में 12 करोड़ 76 लाख 51 हजार रूपये से अधिक की राशि अधिरोपित की गई है।

### नियमितीकरण का लाभ लेने कलेक्टर ने की अपील

कलेक्टर संजीव कुमार झा ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि शासन द्वारा अनियमित विकास व निर्माण के नियमितीकरण का विकल्प लोगों के हित में प्रदान किया गया है। अतः शासन की इस योजना का एवं दिए गए विकल्प का लाभ उठाएं तथा किए गए अनियमित निर्माण व विकास का नियमितीकरण कराएं। इसके लिए संबंधित मकान मालिकों को निर्धारित प्रारूप में संबंधित नगरीय निकायों एवं नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में आवेदन जमा करना होगा।

गौरतलब है कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के नेतृत्व में प्रदेश में अनियमित निर्माण कार्यों को नियमित कराने के लिए नियमों में पारदर्शिता लाने हेतु सरलीकरण किया गया है। इसी तारतम्य में छत्तीसगढ़ अनाधिकृत विकास का नियमितीकरण अधिनियम में संशोधन किया गया है। संशोधित अधिनियम, 2022 छत्तीसगढ़ के राजपत्र में प्रकाशित होने के साथ ही यह पूरे प्रदेश में प्रभावशाली हो गया है। नियम प्रकाशित होने के बाद अब नए नियमों के तहत आवेदन लिए जा रहे है। इस नए नियम से प्रदेश के नागरिकों को राहत मिल रही है और वे आसानी से निर्माण कार्यों को नियमित कराने हेतु आवेदन कर रहे है। साथ ही प्रकरणों के निराकरण हेतु शासन द्वारा मापदंड निर्धारित किया गया है।

# मुख्यमंत्री शिक्षा जतन योजना से बदल रही शासकीय शिक्षा व्यवस्था

» बदल रही जर्जर विद्यालय भवनों की तस्वीर, आकर्षक स्वरूप में तब्दील हो रही हजारों भवन




-संवाददाता-
सूरजपुर 22 जून 2023

**(घटती-घटना)।** नवीन शैक्षणिक सत्र में शाला प्रवेशोत्सव से पूर्व स्कूलों में व्यापक बदलाव देखने को मिल रहा है। इस वर्ष अधिक से अधिक सरकारी स्कूलों को 'सुघ्घर पढ़वैय्या योजना' के निर्धारित मानदंडो के अनुसार मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की घोषणा के अनुरूप ''स्कूल जतन योजना'' से लंबे अरसे से जर्जर व खस्ता हालत में पड़े शालाओं के भवनों का मरम्मत व आकर्षक स्वरूप देने के लिए गोबर से बने पेंट से पुताई कर आकर्षक स्वरूप में तब्दील करने में प्रषासन लगी है।

कलेक्टर श्री संजय अग्रवाल एवं जिला पंचायत सीईओ सुश्री लीना कोसम के मार्गदर्षन में जिला शिक्षा अधिकारी ललीत पटेल, समग्र शिक्षा अभियान के समन्वयक अधिकारी, सहायक संचालक रविन्द्र सिंहदेव के निगरानी में करीब 2016 जर्जर भवनों की मरम्मत के लिए अबतक 1910 की प्रशासनिक स्वीकृति जारी होने पर लगातार गुणवत्ता पूर्ण रूप से मरम्मत कार्य पूर्ण सुनिश्चित कराने में विकासखण्ड स्तर से लेकर संकुल स्तर पर अधिकारियों व कर्मचारियों को निगरानी का दायित्व सौंपा गया है। साथ ही सतत क्रियाशील होकर कार्यो से अब तक 1200 भवनों में मरम्मत कार्य पूर्ण होने की ओर अग्रसर है। तो वहीं 710 भवनों में कार्य तेजी से आरंभ हो चुकी है। आपकों बताते चलें कि मुख्यमंत्री श्री बघेल की मंशा अनुसार विद्यालयों में अध्ययनरत नौनिहालों को सीखने के प्रभावी केन्द्र के रूप में विकसित होने के साथ ही शिक्षकों के सतत् क्षमता विकास के माध्यम से कक्षाओं में नवीन, रोचक एवं प्रभावी शिक्षण प्रक्रियाओं को लागू किया जाएगा।


# कार्यालय नगर पंचायत,लखनपुर

जिला-सरगुजा,छत्तीसगढ़

E-mail : CMOLAKHANPUR@GMAIL.COM WWW.NPLAKHANPUR.IN PHONE : 07774-261501

क्रमांक/.555/स्था./न.पं./2023-24 लखनपुर दिनांक 22/06/2023

**ई-प्रोक्योरमेंट निविदा सूचना**

नगर पंचायत लखनपुर में एकीकृत पंजीयन प्रणाली अतंर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती हैः-

| सिस्टम टेन्डर नं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रूपए लाख में) | निविदा डाउनलोड कर जमा करने की अंतिम तिथी |
|---|---|---|---|
| 139057 | E-Kart (Garbage Rickshaw) Auto 3 Wheeler Supply (10 Nos) | 30.00 | 25.07.2023 |

टीपः 01. उपरोक्त कार्यो की निविदा की समान्य शर्ते धरोहर राशि. विस्तृत निविदा विज्ञप्ती, निविदा दस्तावेज व अन्य जानकारी ई-प्रोक्योरमेंट वेब पोर्टल https://eproc.cgstate.gov.in से डाउनलोड की जा सकती है।
02. विज्ञापन की प्रति cg.uad.gov.in देखी जा सकती है।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर पंचायत लखनपुर**
**जिला-सरगुजा (छ.ग.)**



**न्यायालय, अनुविभागीय अधिकारी (रा.) भैयाथान,जिला सूरजपुर,छ.ग.**

रा.प्र.क्र./अ-2/2022-23

**ईश्तहार**

एतद् द्वारा आम ग्रामीण जन ग्राम सूरजपुर को सूचित किया जाता है आवेदिका श्रीमती रानी हलवाई पति मुनीष हलवाई जाति-हलवाई निवासी ग्राम-गेल्हापानी चिरमिरी, तहसील-खडगवां जिला-कोरिया छ0ग0 द्वारा ग्राम- सूरजपुर प0ह0नं008, रा0नि0मं0-सूरजपुर तहसील-सूरजपुर,जिला सूरजपुर, छ0ग0 स्थित भूमि खसरा क्र0 561/5 रकबा 0.021 हे0 को आवासीय प्रयोजन हेतु व्यपवर्तन किये जाने का आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया है।

अतएवं उक्त संबंध में ग्राम ग्राम-सूरजपुर के किसी भी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो वे स्वयं अथवा किसी विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से प्रकरण में नियत दिनांक 03/07/2023 को न्यायलयीन समयावधि में उपस्थित होकर दावा/आपत्ति पेश कर सकता है। नियत तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 19/06/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की मुद्रा से जारी किया गया।

सील **विशेष कर्त्तव्याधिकारी भूमि व्यपवर्तन सूरजपुर**



**न्यायालय तहसीलदार अम्बिकापुर के न्यायालय में मामला क्रमांकः 202304020700163**

**विषयः- ब-121 मामले की श्रेणी-राजस्व**
**सनः- 2022-2023**

**नमनाकला प.ह.न. 00020(हे0)**
**पक्षकारों का विवरण-**
**आवेदक पक्षकार- जयप्रकाश तिर्की,**
**अनावेदक पक्षकार- छ0ग0 शासन,**

**इश्तहार**

आवेदक जयप्रकाश तिर्की आ0स्व0 जोन तिर्की निवासी नमनाकला तहसील अम्बिकापुर जिला सरगुजा छ0ग0 के द्वारा ग्राम नमनाकला स्थित खसरा नंबर 157/122,157/148 रकबा 0.121,0.172 हे0 भूमि द्वितीय प्रति प्राप्त पुस्तिका हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

उक्त सबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोईआपत्ति हो तो पेशी दिना 23/06/2023 के पूर्व न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से उपस्थित होकर दावा आपत्ति प्रस्तुत कर सकते हैं। समय सीमा के बाद प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जायेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 25/04/2023 को जारी किया जाता है।

तहसीलदार
सरगुजा (अम्बिकापुर)


C M Y K

# ग्लोबल शतरंज लीग का पहला सीजन दुबई में शुरू

**दुबई , 22 जून 2023।** कल से शुरू हुआ 02 जुलाई तक, ग्लोबल शतरंज लीग का पहला संस्करण दुबई में हुआ, जिसमें तीनों शतरंज में विश्व चैंपियन (सक्रिय और पूर्व) सहित दुनिया के सबसे मजबूत खिलाड़ी शामिल होंगे। श्रेणियाँ - शास्त्रीय, तीव्र और ब्लिट्ज़।

यूएई की राजधानी दो सप्ताह तक शतरंज की दुनिया का केंद्र रहेगी. 2021 में विश्व शतरंज चैंपियन के खिताब के लिए मैच के बाद, यह दुबई में आयोजित होने वाला दूसरा सबसे महत्वपूर्ण शतरंज आयोजन है। इस अद्वितीय सभा में शतरंज आइकन, सुपरस्टार और प्रोडिजीज़ (2002 और उसके बाद पैदा हुए) के रूप में वर्गीकृत 36 शीर्ष रैंक वाले खिलाड़ियों का प्रदर्शन किया जाएगा। ), परम गौरव के लिए होड़। शतरंज की दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी छह अलग-अलग टीमों के सदस्यों के रूप में इस आयोजन में भाग लेंगे।

उनका नेतृत्व शास्त्रीय शतरंज में पूर्व विश्व चैंपियन और रैपिड और ब्लिट्ज में मौजूदा विश्व चैंपियन मैग्नस कार्लसन करेंगे।

कार्लसन के साथ शतरंज आइकन कहे जाने वाले खिलाड़ियों के समूह में शामिल हैं - साथी पूर्व विश्व चैंपियन, विश्वनाथन आनंद, विश्व चैंपियन के खिताब के लिए दो बार के चुनौती देने वाले इयान नेपोमनियाचची, पूर्व ब्लिट्ज विश्व चैंपियन लेवोन अरोनियन और मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव, जैसे शतरंज विश्व कप 2021 के विजेता जान-क्रिज़स्तोफ़ डूडा।

सुपरस्टार्स के पूल में नोदिरबेक अब्दुसात्तोरोव (2021 विश्व रैपिड चैंपियन), अलेक्जेंडर ग्रिसुक (तीन बार विश्व ब्लिट्ज चैंपियन) और डेनियल दुबोव (2018 विश्व रैपिड चैंपियन) के साथ-साथ विदित गुजराती, अर्जुन जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ी शामिल हैं। इरिगैसी और गुकेश डी।



विश्व की अग्रणी महिला खिलाड़ी भी भाग ले रही हैं, जिनमें ग्रैंडमास्टर एलेक्जेंड्रा कोस्टेनियुक (जिन्होंने शास्त्रीय और रैपिड शतरंज में विश्व चैंपियन का खिताब अपने नाम किया), कैटरीना लैग्नो (दो बार विश्व ब्लिट्ज चैंपियन और एक बार विश्व रैपिड चैंपियन) और विश्व-अग्रणी खिलाड़ी कोनेरू शामिल हैं। हम्पी और हरिका द्रोणावल्ली। दुबई में होने वाले कार्यक्रम में चार बार के विश्व चैंपियन होउ यिफान के बोर्ड में आश्चर्यजनक वापसी भी होगी, जिन्होंने हाल के वर्षों में खुद को अकादमिक क्षेत्र में करियर के लिए समर्पित किया है।

इस आयोजन में छह टीमें शामिल होंगी, जो छह खिलाड़ियों से बनी होंगी। प्रत्येक टीम में एक आइकन खिलाड़ी, दो पुरुष खिलाड़ी, दो महिला खिलाड़ी और एक विलक्षण खिलाड़ी (जो 2002 और उसके बाद पैदा हुए हों) शामिल होंगे।

टीमें हैं:-

- गंगा ग्रैंडमास्टर्स
- त्रिवेणी महाद्वीपीय राजा
- एसजी अल्पाइन वारियर्स
- चिंगारी गल्फ टाइटन्स
- मुंबा मास्टर्स
- बालन अलास्का शूरवीर

प्रत्येक टीम का स्वरूप एक ड्राफ्टिंग सत्र में तय किया गया था, जहां प्रत्येक टीम के मालिक को उस खिलाड़ी के लिए बोली लगानी थी जिसे वे अपने शिविर में चाहते थे।

उद्घाटन समारोह में फुटबॉल में चैंपियंस लीग या क्रिकेट में इंडियन प्रीमियर लीग की याद दिलाने वाला एक पूरी तरह से नया शतरंज प्रारूप प्रदर्शित किया जाएगा।

ग्लोबल शतरंज लीग में एक अनूठी खेल अवधारणा होगी - लीग का प्रत्येक मैच एक अलग समय पर होगा, जो डबल राउंड-रॉबिन प्रारूप में खेला जाएगा। शतरंज में पहली बार टीम के सभी सदस्य एक ही रंग के मोहरों के साथ मैच खेलेंगे।

सफ़ेद/काले मोहरों के साथ परिणाम के आधार पर दिए गए मैच पॉइंट और गेम पॉइंट के साथ एक नई स्कोरिंग प्रणाली रैंकिंग में गतिशीलता और अनिश्चितता का एक नया तत्व लाती है। जबकि सफेद मोहरों से जीता गया खेल 3 गेम अंक लाएगा, काले मोहरों से जीता गया खेल चार अंक लाएगा, और ड्रॉ होने पर प्रत्येक पक्ष को एक अंक मिलेगा। एक मैच में सबसे अधिक गेम प्वाइंट हासिल करने वाली टीम को अतिरिक्त तीन मैच प्वाइंट मिलेंगे, जबकि एक समान परिणाम पर दोनों टीमों को एक-एक मैच प्वाइंट मिलेगा।

गेम के लिए समय नियंत्रण 15 मिनट प्रति गेम और प्रत्येक चाल के लिए 30 सेकंड का बोनस है।सबसे अधिक मैच प्वाइंट वाली शीर्ष दो टीमें 2 जुलाई को फाइनल में खेलेंगी।

# साउथेम्प्टन एफसी ने रसेल मार्टिन को अपना नया पहला टीम मैनेजर नियुक्त किया

**साउथेम्प्टन,22 जून 2023।** 2022/23 सीज़न में तालिका में सबसे नीचे रहने और प्रीमियर लीग से बाहर होने के बाद, साउथेम्प्टन ने गुरुवार को रसेल मार्टिन को अपना नया मैनेजर नियुक्त किया है। मार्टिन ने पहले स्वानसी सिटी एफसी का प्रबंधन किया था और वह पिछले सीज़न में नौ मैचों की नाबाद पारी के साथ अपने अभियान को समाप्त करने के बाद दूसरे चरण में 10 वें स्थान पर रहे थे, जिसमें वेस्ट ब्रॉम और नॉर्विच सिटी पर जीत शामिल थी।

रसेल ने अपनी नियुक्ति पर विचार किया और कहा कि एक ऐसे क्लब का प्रबंधन करना सौभाग्य की बात होगी जिसका एक समृद्ध इतिहास है। इतने लंबे और समृद्ध इतिहास वाले क्लब साउथैम्पटन में इस अवसर को स्वीकार करना मेरे लिए सौभाग्य की बात है। मेरा लक्ष्य इस क्लब को उसी स्थान पर वापस लाना है जहां यह है - अंग्रेजी फुटबॉल की शीर्ष उड़ान में। मैं इस चुनौती के लिए तैयार हूं और दूंगा इस लक्ष्य को हासिल करने और समर्थकों को एक ऐसी टीम देने के लिए सब कुछ जो उन्हें गौरवान्वित करे। मैं यहां आकर रोमांचित हूं और काम शुरू होने का इंतजार नहीं कर सकता,%% रसेल ने क्लब की आधिकारिक वेबसाइट पर कहा।



साउथेम्प्टन एफसी के अध्यक्ष, हेनरिक क्राफ्ट ने भी रसेल की नियुक्ति पर अपने विचार व्यक्त किए, ÷हम साउथेम्प्टन में रसेल का स्वागत करने के लिए बेहद उत्साहित हैं। रसेल हमारी भर्ती प्रक्रिया के दौरान असाधारण उम्मीदवार थे और हमें अनुभवी नेतृत्व के साथ-साथ उनके मजबूत ट्रैक रिकॉर्ड पर भरोसा है। हमारे फुटबॉल के नए निदेशक, जेसन विलकॉक्स, अच्छे परिणाम देंगे,÷ क्राफ्ट ने कहा।

फुटबॉल के निदेशक, जेसन विलकॉक्स ने अपने नए प्रबंधक को एक ऐसा व्यक्ति बताया जो उनके दृष्टिकोण और उन लक्ष्यों में फिट बैठता है जिन्हें वे प्राप्त करने का प्रयास कर रहे हैं।

रसेल ने अब तक अपने प्रबंधकीय करियर में शानदार गुण दिखाए हैं और हमारा मानना है कि वह ऐसे व्यक्ति हैं जो साउथेम्प्टन में मौजूद बेहतरीन माहौल में आगे बढ़ेंगे। हम जो हासिल करने की कोशिश कर रहे हैं, उसके लिए वह विकास के मजबूत रिकॉर्ड के साथ बिल्कुल फिट हैं और युवा, प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उनकी क्षमता को पूरा करने और पिच पर परिणाम देने के लिए प्रोत्साहित करना। विलकॉक्स ने कहा, हम स्टेपलवुड में टीम के साथ रसेल के काम शुरू करने का इंतजार नहीं कर सकते क्योंकि हम नए सीज़न के लिए तैयार हैं।

रसेल के पूर्व क्लब, स्वानसी ने क्लब के साथ उनके काम के लिए अपने पूर्व प्रबंधक को धन्यवाद दिया और कहा कि वे समय पर नई प्रथम-टीम कोचिंग स्टाफ के बारे में अपडेट देंगे।स्वानसी सिटी ने बयान में लिखा, ÷एसए1 में अपने समय के दौरान रसेल द्वारा किए गए काम के लिए स्वानसी सिटी उन्हें धन्यवाद देना चाहती है। क्लब उचित समय पर नए प्रथम-टीम कोचिंग स्टाफ के बारे में समर्थकों को अपडेट करेगा।÷ क्लब की वेबसाइट.साउथेम्प्टन अपने नए मैनेजर के आने के बाद अपना भाग्य बदलना चाहेगा।

# डायमंड लीग के लुसाने चरण में खेलेंगे नीरज चोपड़ा

**लंबी कूद में जेस्विन एल्ड्रिन और श्रीशंकर लेंगे भाग**

**नयी दिल्ली ,22 जून 2023।** ओलंपिक चैम्पियन भालाफेंक



खिलाड़ी नीरज चोपड़ा मांसपेशी के खिंचाव से उबरने के बाद 30 जून को डायमंड लीग के लुसाने चरण में भाग लेंगे। आयोजकों ने इसमें भाग लेने वाले खिलाड़ियों की सूची जारी की है जिसमें चोपड़ा का भी नाम है। उनके अलावा भारत के जेस्विन एल्ड्रिन और श्रीशंकर लंबी कूद में भाग लेंगे।टूर्नामेंट की आधिकारिक वेबसाइट पर लिखा है ,'' भालाफेंक में भारत के ओलंपिक चैम्पियन नीरज चोपड़ा को चेक गणराज्य के याकूब वालेच और जर्मनी के जूलियन वेबर चुनौती देंगे।'' चोपड़ा ने मांसपेशी में खिंचाव के कारण एफबीके खेल (नीदरलैंड में चार जून) और फिनलैंड में 13 जून को पावो नूरमी खेलों से नाम वापिस ले लिया था।

# रोहन बोपन्ना के करियर का अंतिम टूर्नामेंट होगा डेविस कप

**» सितंबर में खेल को कहेंगे अलविदा**

**नयी दिल्ली ,22 जून 2023।** भारत के शीर्ष युगल खिलाड़ी रोहन बोपन्ना ने कहा कि वह मोरक्को के खिलाफ सितंबर में अपने डेविस कप कैरियर पर विराम लगायेंगे लेकिन अपने राज्य कर्नाटक में विदाई मैच खेलने की उनकी ख्वाहिश पूरी नहीं हो सकेगी क्योंकि एआईटीए इस मैच की मेजबानी उत्तर प्रदेश को पहले ही दे चुका है। भारत को सितंबर में विश्व ग्रुप दो के मैच में मोरक्को से खेलना है। डेविस कप में 2002 में पदार्पण करने वाले बोपन्ना भारत के लिये 32 मुकाबले खेल चुके हैं।



उन्होंने लंदन से कहा ,'' मैं सितंबर में अपना आखिरी डेविस कप मैच खेलने की सोच रहा हूं। मैं 2002 से टीम के साथ हूं। मैं चाहता था कि यह मैच बेंगलुरू में हो और मैने भारतीय खिलाड़ियों से भी इस बारे में बात की। वे सभी बेंगलुरू में खेलने को लेकर खुश थे।अब महासंघ को देखना है कि वे बेंगलुरू में मुकाबला कराना चाहते हैं या नहीं।'' उन्होंने कहा ,'' चूंकि मैं 20 साल से खेल रहा हूं तो मुझे बस कप्तान से बात करनी होगी कि क्या इसे वहां कराया जा सकता है। सभी आकर आखिरी बार मुझे खेलते देख सकेंगे। ''

अखिल भारतीय टेनिस संघ (एआईटीए) ने हालांकि पीटीआई से कहा कि इस मैच की मेजबानी कर्नाटक प्रदेश लॉन टेनिस संघ को नहीं दी जा सकती। एआईटीए महासचिव अनिल धूपर ने कहा ,'' रोहन के लिये यह अच्छा होता कि भारत के लिये अपना आखिरी मैच बेंगलुरू में खेले लेकिन हम उत्तर प्रदेश को मेजबानी दे चुके हैं। मैच लखनऊ में होगा और यह पहले से तय है।'' भारत के लिये सबसे ज्यादा 58 मैच लिएंडर पेस ने खेले हैं जिसके बाद जयदीप मुखर्जी ने 43, रामनाथन कृष्णन ने 43, प्रेमजीत लाल ने 41, आनंद अमृतराज ने 39, महेश भूपति ने 35 और विजय अमृतराज ने 32 मैच खेले हैं।

बोपन्ना ने 32 मैच खेलकर 12 एकल और 10 युगल मुकाबले जीते। यह पूछने पर कि क्या वह एटीपी टूर पर खेलते रहेंगे , उन्होंने कहा ,'' अगर मैं टूर पर नहीं खेलता हूं तो मेरी जगह किसी दूसरे भारतीय को नहीं मिलने जा रही। अगर मैं विम्बलडन नहीं खेलता हूं तो कोई और भारतीय मेरी जगह नहीं लेगा। डेविस कप में हालांकि मेरी जगह एक भारतीय ही खेलेगा।

# पूर्वी बंगाल फुटबॉल क्लब ने की क्राउडफंडिंग की मांग

**कोलकाता,22 जून 2023।** ईस्ट बंगाल फुटबॉल क्लब भारतीय इतिहास के कुछ प्रतिष्ठित क्लबों में शुमार है। ये क्लब दुर्भाग्य से बीते कुछ समय से काफी वित्तीय कठिनाइयों से जूझ रहा है। इस क्लब के कई विभागों को आर्थिक स्तर पर काफी संघर्ष करना पड़ रहा है। आर्थिक संकट के अलावा मैदान पर खराब परिणाम से भी क्लब नुकसान में है।



आर्थिक स्थिति को सुधारने के लिए और बेहतर परिणाम हासिल करने के लिए क्लब के कार्यकारी समिति के सदस्यों ने अब एक नई पहल की शुरुआत की है। इस दिशा में कदम उठाते हुए अब क्लब ने क्राउडफंडिंग की दिशा में कदम उठाए है। इसके तहत एक वर्ष के भीतर 6 करोड़ रुपयों की क्राउडफंडिंग की जाएगी। क्लब ने इसके लिए सार्वजनिक अपील भी की है।

बता दें कि हाल ही के वर्षों में क्राउडफंडिंग ऐसा तरीका बन चुका है जिसके जरिए क्लब विभिन्न तरीकों से धन जुटा सकते है। दुनिया भर के अलग अलग फुटबॉल क्लबों में ये काफी आम है मगर भारतीय फुटबॉल क्लब के लिए पहली बार इस तरह से क्राउडफंडिंग का कमद उठाया गया है। इस क्राउडफंडिंग के संबंध में एक स्थानीय समाचार पत्र में विज्ञापन दिया गया था जिसमें क्लब का बैंक खाता नंबर, क्यूआर कोड उपलब्ध कराया गया था। इस क्यूआर कोड पर और खाता नंबर पर जाकर फैंस इच्छानुसार राशि का भुगतान कर सकते है।

इस बार क्राउडफंडिंग को लेकर क्लब के अधिकारियों ने जनता के साथ काफी भावनात्मक अपील भी की है। सिर्फ यही नहीं क्लब के अधिकारी फंडिंग इकट्ठा करने के लिए उत्तर बंगाल, त्रिपुरा, असम, बांग्लादेश भी जा रहे है, ताकि क्लब के लिए फंड ला सके। अधिकारियों का कहना है कि जनता से अपील की गई है कि क्लब के लिए फंड्स का दान करें ताकि क्लब में मिलने वाली सुविधाओं को विकसित किया जा सके। जमीनी स्तर पर भी क्लब में सुविधाएं शामिल की जा सके।

# सुनील छेत्री ने पाकिस्तान के खिलाफ लगाई हैट्रिक

**नयी दिल्ली ,22 जून 2023।** सैफ फुटबॉल चैंपियनशिप 2023 की शुरुआत भारत और पाकिस्तान के बीच हुए मुकाबले के साथ हो गई है। इस मुकाबले में भारतीय टीम ने दमदार प्रदर्शन करते हुए पाकिस्तान को चारों खाने चित्त कर दिया। भारत ने 4-0 से पाकिस्तान को मात दी। इस मुकाबले में भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री ने शानदार हैट्रिक जड़कर इतिहास रच दिया है। इस मुकाबले में सुनील छेत्री ने तीन में से दो गोल पेनल्टी शूटआउट से किए।सुनील छेत्री ने पहला गोल पाकिस्तानी गोल की गलती के कारण किया। इसके बाद दो गोल उन्होंने पेनल्टी कॉर्नर के जरिए किए। भारतीय टीम के लिए पूरा स्टेडियम खचाखच भरा हुआ था, जिससे भारतीय टीम की जबरदस्त हौंसलाअफजाई हुई।



भारतीय दर्शकों ने टीम को जिस तरह सपोर्ट किया उसका पूरा असर भारतीय टीम के खिलाड़ियों पर भी देखने को मिला। उससे उनका आत्मविश्वास बढ़ा हुआ दिखा। वहीं जब भारतीय टीम ने जीत हासिल की तो पूरा स्टेडियम भी टीम के साथ खुशी से झूम उठा।

सुनील छेत्री ने जिस तरह से टीम के लिए गोल किए और टीम को जीत दिलाई उसके बाद सोशल मीडिया पर जमकर कई तरह के मीम्स वायरल हो रहे है। सोशल मीडिया पर ढ़ेरों मीम्स की बाढ़ आ गई है जिसमें भारतीय फुटबॉल टीम के कप्तान सुनील छेत्री की जमकर तारीफ की जा रही है।

कई फैंस ने कहा कि सुनील चेत्री भी पाकिस्तान के बाप है। एक अन्य ट्वीटर यूजर ने लिखा कि पाकिस्तान ने आधिकारिकत तौर पर विराट कोहली और सुनील छेत्री को अपना बाप घोषित कर दिया है।

# धनुष की नई फिल्म तेरे इश्क में का ऐलान

रांझणा और अतरंगी रे की बंपर सक्सेस के कॉलीवुड सुपरस्टार धनुष ने निर्देशक आनंद एल राय की अगली फिल्म के लिए हाथ मिलाया है। रांझणा के 10 साल पूरे होने की खुशी का जश्न मनाते हुए इस निर्देशक और एक्टर की जोड़ी ने अपनी अगली फिल्म का धांसू ऐलान आज कर दिया। इस फिल्म का ऐलान करते हुए मेकर्स ने एक जबरदस्त एनाउंसमेंट वीडियो जारी किया है। जिसमें सुपरस्टार धनुष दारू की बोतल से




अपने प्रेमी के जाने के बाद आग लगाते दिख रहे हैं। इस वीडियो में धनुष एक धांसू डायलॉग बोलते दिख रहे हैं। जिससे साफ होता है कि रांझणा की तरह ही इस फिल्म में भी धनुष अपना प्यार किसी और की वजह से खो देंगे। ये एक जबरदस्त एक्शन और इंटेंस लव स्टोरी होने वाली है। इस फिल्म के लिए संगीतकार ए.आर रहमान ने हाथ मिलाया है।

फिल्म निर्देशक आनंद एल राय ने धनुष स्टारर अपनी अगली फिल्म का ऐलान रांझणा की दसवीं एनिवर्सिरी पर किया है। इस फिल्म के बारे में कुछ विस्तार से बताते हुए निर्देशक ने ट्वीट कर बताया कि फिल्म में उनका नाम शंकर होगा। इस बारे में जानकारी देते हुए निर्देशक ने लिखा, कुछ कहानियां किसी पुराने दोस्त जैसी मिल जाती हैं। जो हाथ नहीं मिलाती सीधा आगे गले लग जाती हैं। 10 साल पहले एक ऐसी ही कहानी मिली थी हमें... कुंदन की कहानी। दोस्त था मेरा, पर जी न सका... उसका मूड नहीं था जीने का। जबकि अगले ट्वीट में निर्देशक ने लिखा, अब 10 साल बाद फिर एक किस्सा आया है। कुंदन और ये लड़का एक से ही हैं। बस इसका मूड दुनिया फूंक देने का है। बता दें कि इसके साथ ही तमिल सुपरस्टार धनुष और आनंद एल राय ने एक बार फिर साथ हाथ मिलाया है। इससे पहले ये दोनों सितारे रांझणा और अतरंगी रे जैसी हिट फिल्में दे चुके हैं। तेरे इश्क में अब इन दोनों की ये तीसरी फिल्म साथ में होगी। इस फिल्म की बाकी कास्टिंग का फिलहाल खुलासा नहीं हुआ है। इसका ऐलान मेकर्स आने वाले दिनों में करेंगे।

# मराठी एक्ट्रेस हैं आदिपुरुष में माया बनने वालीं एक्ट्रेस तृप्ति टॉरडमल, पल्लू गिराकर दिया बोल्ड सीन



रामायण पर आधारित फिल्म आदिपुरुष में बोल्ड सीन देकर चर्चाओं में आने वाली एक्ट्रेस तृप्ति टॉरडमल उर्फ आयशा मधुकर एक मराठी एक्ट्रेस हैं। आदिपुरुष फिल्म उनकी बॉलीवुड डेब्यू फिल्म है। प्रभास और कृति सेनन और सैफ अली खान स्टारर आदिपुरुष पिछले हफ्ते रिलीज हुई थी। पिछले कुछ दिनों से फिल्म को लेकर काफी चर्चा हो रही है। कास्टिंग से लेकर डॉयलग तक की आलोचना हो रही है। आदिपुरुष फिल्म में एक एक्ट्रेस की काफी चर्चा हो रही है। आदिपुरुष में लंका में रावण के भाई विभीषण के साथ दिखाई गई एक एक्ट्रेस सोशल मीडिया पर छाई हुई हैं। उन्होंने फिल्म में पल्लू गिराकर बोल्ड सीन दिया है। जिसपर बवाल मचा हुआ है। इस एक्ट्रेस का नाम तृप्ति टॉरडमल है। हालांकि तृप्ति टॉरडमल का असली नाम आयशा मधुकर है। तृप्ति टॉरडमल का इंस्टाग्राम अकाउंट भी ञ्च आयशा मधुकर के नाम से है। कई रिपोर्ट में दावा किया जा रहा कि तृप्ति टॉरडमल ने फिल्म आदिपुरुष में रावण के भाई विभीषण की पत्नी सरमा का किरदार निभाया है। हालांकि अपने इंस्टा अकाउंट पर तृप्ति टॉरडमल ने बताया है कि उन्होंने फिल्म में माया का किरदार निभाया है। तृप्ति टॉरडमल एक मराठी अभिनेत्री हैं और आदिपुरुष उनकी पहली हिंदी फिल्म है। तृप्ति टॉरडमल के पिता मधुकर टोडरमल भी मराठी सिनेमा के दिग्गज अभिनेता हैं और उन्होंने कई फिल्मों में अपनी प्रतिभा साबित की है। तृप्ति टॉरडमल का जन्म मुंबई में 22 नवंबर 1992 को हुआ था। तृप्ति टॉरडमल ने 2 मराठी फिल्मों में काम किया है। तृप्ति टॉरडमल को साल 2018 में फिल्म सविता दामोदर परांजपे से पहचान मिली थी। इसके बाद तृप्ति टॉरडमल लगातार फिल्मों में सक्रिय हैं। तृप्ति टॉरडमल की दूसरी मराठी फिल्म साल 2019 में फत्तेशिकस्त थी। फत्तेशिकस्त एक भारतीय मराठी भाषा की ऐतिहासिक ड्रामा फिल्म है, जिसका निर्देशन दिगपाल लांजेकर ने किया है। यह मराठा साम्राज्य पर आठ फिल्मों की सीरीज की दूसरी फिल्म थी। तृप्ति टॉरडमल की आदिपुरुष बॉलीवुड में डेब्यू फिल्म है। तृप्ति टॉरडमल अपने बोल्ड सीन को लेकर इन दिनों आलोचनाओं का शिकार हो रही है। गूगल पर कई लोगों ने आदिपुरुष में विभीषण की पत्नी कौन है... इसको लेकर सर्च किया है।

# लस्ट स्टोरीज 2 का ट्रेलर जारी,29 जून नेटफ्लिक्स पर होगी रिलीज




साल 2018 में आई 4 शॉर्ट फिल्मों की सीरीज लस्ट स्टोरीज को दर्शकों की ओर से काफी प्यार मिला था। इसका दूसरा सीजन पिछले लंबे वक्त से चर्चा में हैं। जहां मंगलवार को फिल्म के 4 अलग-अलग पोस्टर सामने आए थे, वहीं अब निर्माताओं ने 21 जून को लस्ट स्टोरी 2 का ट्रेलर जारी कर दिया है, जो पहले सीजन से अधिक दिलचस्प लग रहा है। लस्ट स्टोरीज 2 में भी पहले भाग की तरह 4 कहानी दिखाई जाएंगी। लस्ट स्टोरीज 2 में अमृता सुभाष, अंगद बेदी, काजोल, कुमुद मिश्रा, मृणाल ठाकुर, नीना गुप्ता, तमन्ना भाटिया, तिलोत्तमा शोम और विजय वर्मा जैसे कलाकार हैं। इसका निर्देशन अमित रविंदरनाथ शर्मा, कोंकणा सेन शर्मा, आर. बाल्की और सुजॉय घोष ने किया है। लस्ट स्टोरीज 2 का प्रीमियर 29 जून से नेटफ्लिक्स पर किया जाएगा। बता दें, लस्ट स्टोरी में 4 अलग-अलग कहानियां दिखाई गई थीं। इसमें राधिका आप्टे, भूमि पेडनेकर और नील भोपालम, कियारा आडवाणी और विक्की कौशल जैसे कलाकार थे।

# अमित शाह ने नहीं की आदिपुरुष पर बैन की घोषणा



» सीएम बघेल ने कहा-यह मांग राजनैतिक नहीं है

» यह हमारे आराध्य की छवि पर हुए प्रहार का सवाल है...

रायपुर,22 जून 2023(ए)।केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह एक दिवसीय दुर्ग दौरे पर थे। जिसको लेकर सीएम बघेल ने तंज कसा है. सीएम बघेल ने ट्वीट कर कहा, हम सबको यह खेद रहेगा कि, केंद्रीय गृहमंत्री जी प्रभु श्री राम के ननिहाल आए और आदिपुरुष पर बैन की घोषणा किए बिना चले गए. कुछ चीजें राजनीति से ऊपर होती हैं. हम सब छत्तीसगढ़वासियों की यह मांग राजनैतिक नहीं है. यह हमारे आराध्य की छवि पर हुए प्रहार का सवाल है, जिससे हम सभी राम भक्तों को आघात पहुंचा है।

### बघेल ने ट्वीट कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भगवान राम के ननिहाल में किया स्वागत, कहा- 'आदिपुरुष' को बैन करने की करे घोषणा

केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रायपुर पहुंच गए है। कुछ देर बाद वे भिलाई में जन सभा को संबोधित करेंगे। इस बीच मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह का भगवान राम के ननिहाल में स्वागत किया है। इसके साथ ही डॉयलॉग की वजह से विवादों में आई फिल्म आदिपुरुष को प्रतिबंधित करने की मांग की।

ट्वीट कर लिखा - केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी का भगवान राम के ननिहाल छत्तीसगढ़ में सभी श्री राम भक्तों और प्रदेशवासियों की ओर से स्वागत है। साथ ही विनम्र निवेदन करता हूँ कि आज ही रामायण और प्रभु की छवि बिगाड़ने वाली फिल्म ्रआदिपुरुष को बैन करने की घोषणा करें।

## फेक निकली विधायक भसीन के निधन की खबर

### सीएम ने भी ट्वीट कर दे दी थी श्रद्धांजलि



भिलाई,22 जून 2023(ए)। सोशल मीडिया पर चली वैशाली नगर विधायक विद्यारतन भसीन के निधन की खबर फेक निकली। वे अभी वेंटिलेटर पर है। रामकृष्ण केयर अस्पताल के निदेशक डॉ. संदीप दवे ने कहा कि उनका अभी ईलाज चल रहा है और वे वेंटिलेटर पर है। हालाकि सोशल मीडिया की खबर के आधार पर प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने ट्वीट कर उन्हें श्रद्धांजलि दे दी थी। नवप्रदेश परिवार उनके दीर्घायु होने की कामना करता है।




## सीए के घर आयकर की रेड!

रायपुर,22 जून 2023(ए)। राजधानी रायपुर में आज सुबह एक चर्चित सीए के घर और कार्यालय में आयकर विभाग की टीम द्वारा दबिश देकर जांच-पड़ताल किए जाने की सूचना है।

बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ में ईडी के साथ ही आयकर विभाग की नजर भी कुछ लोगों पर टेढ़ी है। इसी क्रम में आईटी द्वारा यहां दबिश देकर जांच कार्रवाई की जा रही है। सूत्रों की माने तो इनकम टैक्स डिपार्टमेंट की यह कार्रवाई राजधानी रायपुर के तेलीबांधा स्थित ऐश्वर्या रेसीडेंसी में की जा रही है। यहां रहने वाले एक चर्चित सीए के घर व उनके कार्यालय में आयकर विभाग की टीम अपनी जांच कर रही है। ज्ञात हो कि प्रदेश के चर्चित शराब घोटाले में इसी तरह ईडी की टीम भी लगातार अपनी जांच कार्रवाई आगे बढ़ा रही है। अब मनी लॉड्रिंग के मद्देनजर भी आयकर विभाग की नजर टेढ़ी हो चुकी है। इसके पूर्व भी आयकर विभाग द्वारा इसी तरह की औचक जांच-पड़ताल की जा चुकी है।

# चोरी की जांच करने पहुंची पुलिस को व्यापारी के घर से मिला 2 करोड़ 76 हजार से ज्यादा कैश

### पलंग के नीचे रखा था नोटों का बंडल

रायपुर,22 जून 2023(ए)।छत्तीसगढ़ के सारंगढ़-बिलाईगढ़ जिले में एक व्यापारी को पुलिस से चोरी की शिकायत करना भरी पड़ गया। दरअसल, शिकायत के बाद जांच के लिए पहुंची पुलिस को व्यापारी के घर से पलंग के नीचे से 2 करोड़ से ज्यादा कैश मिले हैं। मामला भटगांव थाना क्षेत्र का है।

### घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद

मिली जानकारी के अनुसार, मंगलवार रात जिले के वार्ड क्रमांक-3 निवासी व भटगांव के प्रतिष्ठित शोभित नामदेव के घर चोरी हुई। पूरा परिवार रात में खाना खाने के बाद सोने चला गया। बुधवार तड़के 4 से 5 बजे के बीच अज्ञात चोर घर में घुसे। पूजा घर में रखी अलमारी से चोर 15 लाख रुपए नगद और 5 लाख रुपए के सोने-चांदी के गहनों की चोरी कर फरार हो गया। पूरी घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई।



सुबह व्यापारी को चोरी की घटना का पता चला। इसके बाद उसने भटगांव थाना पुलिस को मामले की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस घटनास्थल की जांच शुरू की। मामले में नया मोड़ तब आ गया, जब पुलिस को व्यापारी के कमरे में पलंग के नीचे से 2 करोड़ 76 हजार 400 रुपए कैश मिले। इतनी बड़ी रकम इस तरह से पलंग के नीचे छिपाकर रखा हुआ देखकर पुलिस के होश उड़ गए।

### व्यापारी से पूछताछ की तैयारी में पुलिस

पुलिस ने बुधवार को नोट गिनने की मशीन मंगाई। नोटों की गिनती के बाद रकम 2 करोड़ 76 हजार 400 रुपए निकली। व्यापारी शोभित नामदेव जनरल स्टोर्स एंड बुक डिपो का मालिक है। पुलिस 20 लाख की चोरी के मामले में भी सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच में जुटी है। सीसीटीवी फुटेज में एक आरोपी चोरी कर भागता दिखाई दिया। वहीं करोड़ों रुपए मिलने के मामले में पुलिस व्यापारी से पूछताछ करने की तैयारी में है।

# तेज रफ्तार दुपहिया वाहन चालक नियमों की उड़ा रहे धज्जियां

» फटाखा युक्त साइलेंसर का उपयोग कर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे

रायपुर,22 जून 2023(ए)। तेज रफ्तार दुपहिया वाहन चालक इन दिनों तेज गति से वाहन चलाकर भीड़ भरे रास्तों में कट मारते हुए जहां लोगों को दहशतजदा कर रहे वहीं ट्रैफिक सिग्नल रेड होने के बाद भी नियमों की खुलेआम धज्जियां उड़ा रहे हैं। दुपहिया वाहन चालकों के साथ ही तिपहिया आटो भी नान स्टापेज पर अचानक सवारी उतारने एवं चढ़ाने को लेकर नियमों की अव्हेलना कर रहे हैं। बस्ती क्षेत्र सहित पाश इलाकों में वाहन चालकों द्वारा नियम विरुद्ध वाहन चलाकर पटाखायुक्त साइलेंसर का प्रयोगकर ध्वनि प्रदूषण फैला रहे हैं।


फाईल:फोटो

शहर के सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. चंद्रमणी तिवारी एवं डॉ. योगेशचंद्र मिश्रा ने पुलिस अधीक्षक रायपुर से नियमों का उल्लंघन करने वाले ऑटो चालकों एवं दुपहिया वाहन चालकों के खिलाफ यातायात पुलिस द्वारा अभियान चलाकर कार्रवाई करने का आग्रह किया है।

## रिकार्ड तोड़ गर्मी ने अस्पतालों में मरीजों की भीड़ में किया इजाफा



रायपुर,22 जून 2023(ए)। लगातार तापमान में वृद्धि होने से रायपुर शहर सहित प्रदेश में इन दिनों मौसमी बीमारियों की चपेट में आने से लोगों की अस्पतालों में आवाजाही बढ़ गई है। रायपुर में जिला चिकित्सालय मेकाहारा, एम्स एवं जिला मुख्यालयों के जिला अस्पतालों सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में चक्कर आने अचानक ब्लड प्रेशर बढ़ने, घटने, वायरल फीवर, उल्टी दस्त एवं डायरिया के मरीजों की आवक बढ़ी है। मेकाहारा की जनसंपर्क अधिकारी द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार राज्य शासन के लोकस्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने मौसमी बीमारियों से बचने के लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निर्देश पर एडवाइजरी जारी की है। साथ ही धूप में निकलते समय गमछा, रूमाल आदि बांधकर ठंडे पेय पदार्थों का सेवन करने की सलाह मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा गई है। राज्य महामारी नियंत्रण केंद्र के राज्य प्रभारी डॉ. सुभाष मिश्र ने लोगों से बढ़ते घटते तापमान के मद्देनजर आवश्यक सावधानी बरतने की अपील आम लोगों से की है।


# इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की जांच होगी

» सीएम ने किया ट्वीट, हाई कोर्ट से मिली जांच की अनुमति

रायपुर,22 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक घोटाले की अब जाकर जांच होगी।

इस बाबत् सीएम भूपेश बघेल ने एक ट्वीट कर जानकारी दी है। उल्लेखनीय कि, लगभग दस साल पहले रायपुर के इंदिरा प्रियदर्शिनी बैंक में करोड़ों का घाटाला सामने आया था। उस दौरान मामले की जांच भी हुई थी। लेकिन अब राज्य सरकार ने उस मामले की नए सिरे से जांच कराने की अनुमति हाईकोर्ट से मांगी थी जो अब मिल गई है। इसके बारे में सीएम ने ट्वीट कर कहा है कि, बीजेपी के कई लोग इस घोटाले में शामिल हैं। बैंक संचालकों सहित अन्य लोगों को भी पैसे दिए गए। सीएम ने लिखा है कि, भ्रष्टाचार उजागर होना चाहिए। दोषियों को सजा मिलनी ही चाहिए।



## छत्तीसगढ़ में बदला मौसम का मिजाज

रायपुर,22 जून 2023(ए)। छत्तीसगढ़ में पिछले कुछ दिनों से गर्मी ने सभी का हाल बेहाल कर दिया था। लेकिन कल देर शाम की तेज बारिश ने प्रदेश का मौसम सुहाना कर दिया है। वही आज सुबह से ही कई जगहों पर हल्के बादल छाए हुए हैं । लेकिन अभी भी उमस है। बता दे कि दक्षिण-पश्चिम मानसूनी हवा और प्रबल हो गई है। इसके साथ ही मानसून की आहट आने लगी है। मौसम विभाग का कहना है कि गुरुवार से प्रदेश में मौसम का मिजाज बदलेगा और अधिकतम तापमान में गिरावट का दौर शुरू होगा। अगले दो दिनों में चार डिग्री सेल्सियस तक अधिकतम तापमान में गिरावट आएगी। इसके साथ ही प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में अंधड़ चलने के साथ ही वर्षा भी होगी।

मौसम विभाग के अनुसार इस सप्ताह के आखिरी तक प्रदेश में मानसून सक्रिय हो जाएगा और लगातार बारिश का दौर चलेगा।अब लोगों को बीते कुछ दिनों से आ रही भारी गर्मी से राहत मिलने लगेगी। प्रदेश में वर्षा की मात्रा और क्षेत्र दोनों बढ़ने वाली है। रायपुर का अधिकतम तापमान 41.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया,जो सामान्य से आठ डिग्री सेल्सियस ज्यादा है।

# जून महीने में ही व्यापमं की 40 परीक्षाएं

» निःशुल्क आवेदन और जिलों में परीक्षा केंद्र से परीक्षार्थियों की संख्या में हुआ इजाफा

रायपुर,22 जून 2023(ए)। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा बड़े पैमाने पर भर्ती प्रक्रिया को तेज करने दिये गये निर्देश के पश्चात तेजी से परीक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। व्यापमं के जून महीने के कैलेंडर में 40 परीक्षाएं हैं जिसमें विभिन्न विभागों के पदों के साथ ही प्रवेश परीक्षाओं के लिए आयोजित की जाने वाली परीक्षा भी शामिल हैं।

युवाओं पर आर्थिक भार न हो, इसके चलते मुख्यमंत्री बघेल ने व्यापमं की प्रवेश परीक्षाओं में आवेदन शुल्क समाप्त कर दिया। इसका सुखद प्रभाव हुआ है। पिछली प्रवेश परीक्षाओं की तुलना में अमूमन सभी प्रवेश परीक्षाओं में परीक्षार्थियों की संख्या में काफी बढ़ोत्तरी हुई है। बीएड और नर्सिंग जैसी प्रवेश परीक्षाओं में यह संख्या दोगुनी तक हो गई है।

मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन में व्यापमं ने परीक्षा केंद्रों की संख्या भी बढ़ाई इसके चलते भी युवाओं की संख्या बढ़ी। पहले व्यापमं की बहुत सी परीक्षाएं केवल संभाग मुख्यालयों में होती थी। उदाहरण के लिए लेबर इंस्पेक्टर जैसी प्रवेश परीक्षाएं संभाग मुख्यालय में होती थीं लेकिन इस बार




30 जिलों में यह प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। इसके चलते बड़ी संख्या में युवाओं ने आवेदन भरा और अपने जिला मुख्यालय से प्रवेश परीक्षा दिलाई।अलग-अलग तरह की प्रवेश परीक्षाओं में हर बार आवेदन में सारी जानकारी प्रदान करना भी एक श्रमसाध्य प्रक्रिया होती है। इससे न केवल युवाओं को समय खर्च करना पड़ता है अपितु व्यापमं के लिए भी इसका प्रबंधन कठिन कार्य होता था। इस समस्या को दूर करने व्यापमं ने प्रोफाइल तैयार करने की योजना लाई। युवाओं को व्यापमं द्वारा चाहे गये डिटेल इस प्रोफाइल में भर देना है और इससे हर बार वही जानकारियां अपलोड करने की जरूरत नहीं। प्रोफाइल में किसी तरह की त्रुटि होने पर इसके सुधार के लिए भी आवेदन दिया जा सकता है। व्यापमं में भर्ती परीक्षाओं के लिए और प्रवेश परीक्षाओं के लिए प्रोफाइल तैयार किये हैं और ऐसे प्रोफाइल की संख्या लगभग 12 लाख हैं। अब तक 18 लाख लोगों ने इस प्रोफाइल के माध्यम से व्यापमं की परीक्षा दी है।

उल्लेखनीय है कि शासन द्वारा युवाओं को बेरोजगारी भत्ता भी प्रदान किया जा रहा है। बेरोजगारी भत्ते के लिए अर्ह युवाओं को हर महीने 2500 रुपए दिये जा रहे हैं जो सीधे उनके खाते में अंतरित हो रहे हैं। व्यापमं और पीएससी की भर्ती परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए यह राशि अपनी तैयारी को बेहतर करने में काफी उपयोगी साबित हो रही है।

### आरटीआई का जवाब नहीं देना पड़ा महंगा

# फॉरेस्ट अफसरों पर 25-25 हजार जुर्माना

रायपुर,22 जून 2023(ए)। आरटीआई का जवाब नहीं देना वन विभाग के अफसरों को महंगा पड़ गया। सूचना आयुक्त ने रेंजर्स को 25-25 हजार रुपये का जुर्माना लगाया है। रेंजर्स ने ॠक्षद्ध के तहत मांगी गयी जानकारी नहीं दी थी, इसे लेकर सूचना आयोग में अपील की थी, जिसके बाद सूचना आयुक्त धनवेंद्र जायसवाल ने वनमंडल के वन परिक्षेत्रा धिकारी कुवांरपुर, बरसासी, जनकपुर, बिहारपुर, मनेंद्रगढ़ पर 25-25 हजार रुपये जुर्माना लगाया है।




दरअसल आरटीआई कार्यकर्ता अशोक श्रीवास्तव ने आरटीआई के तहत वन परिक्षेत्र में कैम्पा मद के कार्यो की जानकारी व भुगतान को लेकर जानकारी मांगी थी। लेकिन रेंजर्स ने ये कहते हुए जानकारी देने से इंकार कर दिया कि ये व्यक्तिगत जानकारी है। जिसके बाद आरटीआई कार्यकर्ता ने प्रथम अपील दायर की वन मण्डलाधिकारी मनेन्द्रगढ़ से जानकारी मांगी। मगर डीएफओ ने भी इस मामले में गुमराह किया गया। तब आरटीआई कार्यकर्ता ने राज्य सूचना आयोग की शरण ली। जहा सुनवाई में प्रथम दृष्टया दोषी पाते हुए जुर्माना लगाया गया। राज्य सूचना आयुक्त धनवेंद्र जायसवाल ने सत्र 2022 के अपीलार्थी अशोक श्रीवास्तव के प्रकरण पर की कार्यवाही की, साथ ही 30 दिन के अंदर जानकारी देने के निर्देश दिया है।

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफसेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No. CHHHIN/2004/15050,मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)